


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 14 जून 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 137 | मूल्य - 5 रुपये









# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर होंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन, (भाषा)।**

***अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए रविवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और उसके तुरंत बाद होर्मुज जलडमरूमध्य ''सभी के लिए'' खोल दिया जाएगा।***

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''कल समझौता होगा। जैसे ही इस पर हस्ताक्षर होंगे, होर्मुज जलडमरूमध्य सभी के लिए खोल दिया जाएगा।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रस्तावित समझौते की तुलना पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में 2015 में हुए संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) से भी की। उन्होंने कहा, ''बराक हुसैन ओबामा का ईरान के साथ समझौता, जेसीपीओए, परमाणु हथियार तक पहुंचने का एक आसान और सुगम रास्ता था। इससे ईरान के पास छह साल पहले ही परमाणु हथियार होते, जिनका वह अब तक इस्तेमाल भी कर चुका होता।'' ट्रंप ने कहा, ''ईरान के साथ मेरा समझौता बिल्कुल इसके उलट है। इसमें परमाणु हथियार न होने की पक्की गारंटी है। असल में, अब उन्हें परमाणु हथियार नहीं चाहिए और न ही वे इसे खरीदकर, बनाकर या किसी और तरीके से हासिल करेंगे।''ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया गया है और शेष परमाणु सामग्री का बाद में निपटारा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''उपयुक्त समय पर, जब सब कुछ शांत होगा, हम अपने शानदार बी-2 बॉम्बर्स और उनके बेहतरीन पायलटों की मदद से अंदर जाकर, पहाड़ों के नीचे दबाकर रखी गई परमाणु सामग्री को निकालेंगे। इसके बाद उसे प्रसंस्कृत कर ईरान या अमेरिका में कहीं भी नष्ट कर देंगे।'' इससे पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अगले 24 घंटों में अंतिम रूप दिया जा सकता है।

# जबलपुर में दो डंपरों के बीच मची स्पीड की होड़ में फंसी एसयूवी में लगी आग, दो लोग जिंदा जले..



**जबलपुर, (भाषा)।**

जबलपुर के बाहरी इलाके में शनिवार शाम एक एसयूवी में दो डंपरों के बीच फंसने के बाद आग लग गई जिससे दो लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह हादसा बरेला थाना क्षेत्र के शारदा मंदिर के पास हुआ, जब स्कॉर्पियो में सवार लोग मंडला से जबलपुर जा रहे थे। एसयूवी ने एक डंपर से आगे निकलने की कोशिश और जब दूसरे भारी वाहन को पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी पीछे से आ रहा डंपर उसके बराबर आ गया। शर्मा ने बताया, ''स्कॉर्पियो दोनों डंपर के बीच फंस गई और करीब 200 मीटर तक घिसटती रही। इसके बाद उसमें आग लग गई और दोनों सवार अंदर ही फंसे रह गए।'' मृतकों की पहचान हरियाणा के रोहतक निवासी प्रशांत (45) और चालक मोनू शर्मा (42) के रूप में हुई है। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।




# ममता बनर्जी ने तृणमूल में किया बड़ा फेरबदल, सायोनी घोष समेत कई नेताओं को पद से हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर बड़े पैमाने पर संगठनात्मक फेरबदल किया है। पार्टी की युवा और महिला शाखा में अहम बदलाव करते हुए उन्होंने कई प्रमुख पदों पर नई नियुक्तियां की हैं और कुछ वरिष्ठ नेताओं को पदों से हटा दिया है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद टीएमसी के भीतर अंदरूनी असंतोष और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ममता ने पहले ही पिछले हफ्ते बड़े संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत सांसद सायोनी घोष को टीएमसी युवा विंग का अध्यक्ष दोबारा नियुक्त किया था। लेकिन अब एक हफ्ते के भीतर ही उन्हें इस पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब अर्नब बनर्जी को युवा विंग का नया अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह, पार्टी ने कोलकाता दक्षिण की सांसद माला राय को भी महिला विंग 'तृणमूल महिला कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। उनकी जगह कालिगंज की विधायक अलिफा अहमद को नई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सायोनी घोष और माला राय को लेकर पार्टी में यह चर्चा भी तेज है कि वे लोकसभा में टीएमसी के बागी सांसदों के समूह से जुड़ चुकी हैं। यह बागी गुट पार्टी नेतृत्व के खिलाफखुलकर सामने आया है और सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने की तैयारी में है। यह समूह खुद को संसद में 'असली टीएमसी' के रूप में मान्यता दिलाने की मांग करने वाला है।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिमला में बड़ी वारदात, सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका की गोली मारकर हत्या, इलाके में हड़कंप मचा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शिमला से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।***



दिनदहाड़े वारदात से इलाके में दहशत है और पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है।

## क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि कुछ देर पहले सरस्वती पैराडाइज स्कूल की संचालिका मीनाक्षी मित्तल की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरकर सुरक्षित कर लिया है तथा मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है और घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। संदिग्धों की तलाश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण भी किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले के खुलासे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान का सामने आया बयान..

घटना पर भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा, 'शिमला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिला मनीषा मित्तल की गोली मारकर हत्या करने का बेहद दुखद और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हम मांग करते हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।'

## पुलिस की कई टीमें हत्यारों की तलाश में जुटीं..

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पर फौरन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। मामले में हत्या का अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं और उनकी तलाश हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महिला दुकान से मैगी और कुछ सामान लेकर आई थी और हमलावर पंजाब नंबर की गाड़ी में आए थे। पुलिस ने पूरे शिमला की नाकेबंदी की। बताया जा रहा है कि महिला को तीन गोलियां मारी गई हैं। फिलहाल, संदिग्ध वाहन और आरोपियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

# नाइजीरिया: खेत में काम कर रहे 17 किसानों की बंदूकधारियों ने की हत्या, 13 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अबूजा: उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां बंदूकधारियों ने 17 किसानों की हत्या कर दिया है। इस घटना में 13 किसान घायल भी बताए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।***



घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने यह हमला तब किया जब किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे। हालांकि अभी तक किसी भी गुट ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## खेत में काम कर रहे थे किसान..

एक स्थानीय अधिकारी और एक निवासी ने बताया कि उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया में यह घटना हुई है। यहां खेतों में काम कर रहे कम से कम 17 किसानों की बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। इतना ही नहीं इस हमले में कम से कम 13 अन्य घायल हो गए हैं।

यह हमला शुक्रवार को जमफारा राज्य के मरादुन क्षेत्र के गोरॉन नामाये कस्बे में हुआ। हालांकि किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हाल के महीनों में सशस्त्र गिरोहों के हमलों में वृद्धि हुई है।

## घायलों का चल रहा इलाज..

मरादुन निवासी शेहू मूसा ने शनिवार को बताया, 'किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे, तभी अचानक डाकुओं ने हमला कर दिया और उनमें से 17 को मार डाला।' उन्होंने आगे बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मरादुन में स्थानीय सरकार के अध्यक्ष सानुसी दोसारा ने एक बयान में कहा कि यह हमला जमफारा राज्य सरकार द्वारा बंदूकधारियों के साथ बातचीत करने से इनकार करने का परिणाम था। दोसारा ने सरकारी बलों से मरादुन जंगल में स्थित बायन-रुवा एन्क्लेव को ध्वस्त करने की अपील की, जहां बंदूकधारी छिपे हुए थे।

## पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं..

इससे पहले गुरुवार को, मरादुन के मगामिन डिड्डी नामक एक समुदाय में बंदूकधारियों ने 39 लोगों का अपहरण कर लिया, जबकि निवासी शांति वार्ता करने और अपहरण की घटनाओं को रोकने के प्रयास में एक संदिग्ध डाकू नेता के माता-पिता से मिल रहे थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पूर्वोत्तर नाइजीरिया में विद्रोह और फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं ने वर्षों से हजारों लोगों की जान ले ली है और लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया है, जबकि राष्ट्रपति बोला टिनूबू ने संकट को रोकने के लिए बार-बार वादे किए हैं।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# चंदौली में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत, कन्नौज में छत गिरने से सात लोग घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को हुई बारिश, आंधी और तेज हवाओं के बीच चंदौली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं व एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि कन्नौज में जर्जर छत का हिस्सा व टिन शेड ढहने से सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, चंदौली जिले के चकिया थाना क्षेत्र के बाजरडीहा गांव निवासी शकुंतला (68) की शनिवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।***

चकिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि शकुंतला अपराह्न करीब ढाई बजे अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं तभी तेज हवाएं चलने लगीं व हल्की बारिश शुरू हो गई। सुरक्षित स्थान पर पहुंचने से पहले ही उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। शाम को चंदौली जिले में आकाशीय बिजली गिरने की एक और घटना में एक महिला और एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रूबी (35) और लक्ष्मी (13) के तौर पर हुई है; दोनों चकिया इलाके के धनवाल कलां गांव की रहने वाली थीं।

चकिया के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रघुराज ने बताया कि रूबी पिछले दो साल से गांव में रह रही थी। वह शाम करीब छह बजे लक्ष्मी के साथ चुप्पेपुर वनवासी बस्ती में लकड़ी इकट्ठा करने गई थी, तभी अचानक मौसम खराब हो गया। आकाशीय बिजली गिरने से दोनों बुरी तरह झुलस गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कन्नौज जिले में हुई एक अन्य घटना में शनिवार दोपहर सदर कोतवाली क्षेत्र के बलनापुर कुटिया गांव में एक मकान की जर्जर छत का हिस्सा और टिन शेड ढह जाने से सात लोग घायल हो गए।

अधिकारियों के अनुसार, कुछ लोग टिन शेड के नीचे बैठे थे, तभी अचानक ढांचा भरभराकर गिर पड़ा और वे मलबे के नीचे दब गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। बाद में चिकित्सकों ने दो घायलों, राज और अरुण, की हालत गंभीर होने पर उन्हें तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) नवनीता राय, तहसीलदार अवनीश कुमार तथा अन्य राजस्व अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया।

राय ने बताया कि छत का हिस्सा काफी जर्जर हो चुका था और उसमें सीलन भी आ गई थी, जिसके कारण ढांचा कमजोर हो गया होगा। ग्रामीणों का कहना है कि छत गिरने से पहले हुई बारिश ने उसकी स्थिति को और खराब कर दिया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

# आवारा कुत्तों के हमले से महिला की मौत, घटना से गुस्से में लोग, परिजनों के लिए मुआवजे की मांग..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के बड़वानी कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ाते ही जा रहा है, जिसने इलाके के लोगों की चिंता फिर से बढ़ा दी है। ऐसे ही घटना बड़वानी में हुई, जिसमें आवारा कुत्तों के हमले से 35 साल की महिला की मौत हो गई।***



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोस्टमार्टम पैनल में शामिल एक चिकित्सक ने महिला के शव पर कुत्तों के काटने और नोचने के निशान मिलने की पुष्टि की है, जबकि इस घटना से नाराज लोगों ने उसके परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## आवारा कुत्तों के आतंक का शिकार बनी महिला..

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद राकेश मकवाने ने संवाददाताओं को बताया कि लीला बाई बकावले (35) शुक्रवार दोपहर अपने घर से राजघाट रोड क्षेत्र में लकड़ियां और कबाड़ इकट्ठा करने गई थी, जहां उस पर चार-पांच आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि कुत्तों के हमले में बुरी तरह घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

मकवाने के अनुसार बकावले रोजा लकड़ियां और कबाड़ इकट्ठा कर उसे बेचकर अपने परिवार का बुनियादी आवश्यकताएं करती थी। उन्होंने कहा कि महिला के परिवार में बीमार पति, बुजुर्ग पिता और एक बच्चा है। दुखद बात यह है कि पूरा परिवार महिला की कमाई पर निर्भर था, जो अब इस दुनिया को अलविदा कह चुकी है।

## परिजनों के लिए सहायता की मांग..

पूर्व पार्षद ने आवारा कुत्तें की समस्या पर आंदोलन की चेतावनी देते हुए प्रशासन से बकावले के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि शहर के चूना भट्टी क्षेत्र में भी कुछ समय पहले एक बुजुर्ग महिला की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो चुकी है। इस बीच जिला अस्पताल में चिकित्सकों के तीन सदस्यीय पैनल ने महिला के शव का पोस्टमॉर्टम किया। पैनल में शामिल डॉ. अनिल सिंह जामोद ने पुष्टि की कि पोस्टमॉर्टम के दौरान महिला के गले, सिर, दोनों हाथों और दोनों पैरों पर कुत्तों के बुरी तरह काटने और नोचने के निशान मिले हैं। उन्होंने बताया कि महिला की मौत इन गंभीर घावों के कारण हुई है और विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी जा रही है। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ला ने कहा कि विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखने के बाद ही वह घटना को लेकर कोई जानकारी दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से घटना की जांच कर रही है।

# श्रीलंका से सिडनी जा रही 233 लोगों से भरी फ्लाइट पर गिरी बिजली..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका से ऑस्ट्रेलिया के सिडनी जा रही फ्लाइट बीते शुक्रवार को आसमानी बिजली चपेट में आ गई। फ्लाइट खराब मौसम के दौरान आसमानी बिजली गिरने से हादसे का शिकार हो गई।***



फिर, सुरक्षा कारणों से फ्लाइट को बीच रास्ते से वापस कोलंबो लौटाना पड़ा। जब फ्लाइट पर बिजली गिरी तो उसमें सवार सभी 207 यात्री और 16 क्रू मेंबर सवार थे। गनीमत रही कि सभी सुरक्षित हैं।

## टेकऑफके कुछ देर बाद ही गिरी बिजली..

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोलंबो से टेकऑफ के कुछ वक्त बाद फ्लाइट पर आसमानी बिजली गिरी। घटना के दौरान यात्रियों को जोरदार ब्लास्ट जैसी आवाज सुनाई दी। फ्लाइट के एक इंजन से थोड़ी देर के लिए चिंगारियां निकलती भी नजर आई, जिससे फ्लाइट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, चालक दल ने हालात को तुरंत कंट्रोल कर लिया और पैसेंजर्स को शांत रहने के लिए कहा।

## बंदरानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वापस लौटी फ्लाइट..

बाद में फ्लाइट के पायलटों ने पैसेंजर्स को जानकारी दी कि विमान पर बिजली गिरने की वजह से इंजन को मामूली नुकसान पहुंचा है। एहतियात के रूप में फ्लाइट को आगे जारी रखने की जगह वापस कोलंबो लौटने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद, फ्लाइट को सुरक्षित तौर पर बंदरानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया।

## खराब मौसम में उड़ान के दौरान गिरी बिजली..

एयरलाइन सूत्रों के मुताबिक, यह फ्लाइट शुक्रवार सुबह 12:05 बजे कोलंबो से टेकऑफहुई थी। खराब मौसम में फ्लाइट के ऑपरेशन के दौरान आसमानी बिजली गिरने के बाद विमान को वापस कोलंबो मोड़ना पड़ा। एयरलाइन ने पुष्टि की कि पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया है।

## वायरल हुआ विमान पर बिजली गिरने का वीडियो..

सोशल मीडिया पर इस हादसे का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें उड़ान के दौरान फ्लाइट के पास चिंगारियां नजर आईं। विमान के सुरक्षित तरीके से लौटने के बाद तकनीकी विशेषज्ञों ने उसकी जांच की। इसके बाद, एयरलाइन की तरफसे पैसेंजर्स के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था की गई।

# फिरोजाबाद में पूर्व विधायक के बेटे ने पत्नी को गोली मारने के बाद की खुदकुशी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पूर्व विधायक के बेटे ने अपनी पत्नी को कथित तौर पर गोली मारने के बाद खुद की भी जान ले ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल पत्नी को शिकोहाबाद अस्पताल से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। यह घटना सुभाष तिराहे के पास की है। शिकोहाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमरीश कुमार ने बताया कि डाहिनी गांव निवासी राकेश यादव (60) का शनिवार शाम अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

आरोप है कि आवेश में आकर राकेश ने अपने लाइसेंसी हथियार से पत्नी मूर्ति देवी (58) को गोली मार दी औ इसके बाद उन्होंने स्वयं को भी गोली मार ली।

उन्होंने बताया कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां राकेश को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मूर्ति देवी ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, राकेश यादव के पिता जगदीश यादव कांग्रेस के पूर्व विधायक रह चुके हैं। राकेश यादव सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एटा मेडिकल कॉलेज में नवजातों की अदला-बदली, जांच शुरू; आया और स्टाफ नर्स निलंबित..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***एटा के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में दो नवजात बच्चों की कथित अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी गई है और प्रथम दृष्टया***



लापरवाही पाए जाने पर दो स्वास्थ्य कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना मेडिकल कॉलेज में हुई, जहां एक ही दिन दो महिलाओं का प्रसव हुआ था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि शिवानी (22) ने एक पुत्र को जन्म दिया, जबकि अफसाना (27) के यहां पुत्री का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि अफसाना की नवजात बेटी जन्म के तुरंत बाद नहीं रोई थी, इसलिए उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया था।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, बाद में एक आया नवजात बच्चों को वार्ड में लेकर आई और कथित तौर पर उन्हें गलत परिवारों को सौंप दिया। इसके परिणामस्वरूप जिस महिला ने बेटे को जन्म दिया था, उसे बेटी दे दी गई, जबकि जिस महिला ने बेटी को जन्म दिया था, उसे बेटा सौंप दिया गया। इस गलती के कारण दोनों परिवारों के बीच भ्रम और विवाद की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि दोनों ही एक बच्चे पर अपना दावा कर रहे थे। मामला बढ़ने पर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर स्थानीय चौकी प्रभारी समेत पुलिसकर्मी मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

डॉक्टरों की मौजूदगी में जांच-पड़ताल के बाद स्थिति स्पष्ट हुई और नवजात बच्चों को उनके सही परिवारों को सौंप दिया गया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कहा कि प्रारंभिक जांच में किसी साजिश या गड़बड़ी के प्रमाण नहीं मिले हैं और यह मामला मानवीय भूल तथा लापरवाही का प्रतीत होता है। प्राचार्य डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया लापरवाही की पुष्टि होने पर संबंधित आया और स्टाफ नर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नवजात शिशुओं को सीधे चिकित्सक की निगरानी में उनके परिजनों को सौंपने की व्यवस्था लागू की जाएगी।

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय - नरेश मरावी..




जगप्रेरणा सिवनी।

***सुश्री मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस से राज्यसभा से उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म नियम विरूद्ध निरस्त होने पर भाजपा का तानाशाह रवैये को लेकर जिला***

कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा कहा गया कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी द्वारा साफछवि की गांधीवादी विचारधारा की अनुसूचित जाति की महिला का राज्यसभा का नामांकन फॉर्म षडयंत्र पूर्वक भाजपा द्वारा सरकारी संस्था का दुरूपयोग कर निरस्त किया गया। वही दूसरी ओर झारखंड के एनडीए उम्मीदवार परिमल नथवानी जिनके नामांकन फॉर्म में कांग्रेस पार्टी ने अनेक खामिया होने पर आपत्ति दर्ज की थी, रिटर्निंग ऑफिसर ने शुरूआत में नथवानी का नामांकन होल्ड किया था, भाजपा के दबाव में नामांकन को निरस्त नही किया, वही दूसरी ओर मीनाक्षी नटराजन का फॉर्म निरस्त कर दिया गया। भाजपा के नियम में खोट उस समय से ही आ गई थी जब उनके पास तीसरे उम्मीदवार को राज्यसभा में पंहुचाने के लिए पर्याप्त वोट नही था उसके बाद भी उन्होंने महेश का नामांकन का फॉर्म जमा कराया। उसके बाद कांग्रेस के अनेक विधायकों को करोड़ो रूपयों का प्रलोभन वोट डालने के लिए दिया गया। जब भी बात नही बनी तो उन्होंने आपत्ति दर्ज कर रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त किया। फॉर्म निरस्त होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, दिग्विजयसिंह, मीनाक्षी नटराजन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक शाम से ही प्रदेश निर्वाचन कार्यालय पंहुचना प्रारंभ हो गए, जहॉ उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया, उन्होंने रात भर कार्यालय के सामने धरना दिया, अगले दिन भी निर्वाचन अधिकारियों ने मिलने से इंकार कर दिया। दिल्ली में भी अ.भा.कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ेगे, के. सी. वेणूगोपाल, अधिवक्ता विवेक तन्खा, अभिषेक मनुसिंघवी, प्रदेश के बडे नेता, विधायक महामहिम राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली गए, उनके द्वारा कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल से मिलने का समय नहीं दिया गया।

फॉर्म निरस्त किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई, सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी के पास एक ही रास्ता बचता है कि लोकतंत्र का चैथा स्तंभ के माध्यम से भाजपा द्वारा की जा रही लोकतंत्र की हत्या एवं संविधान विरोधी कार्यो को जनता तक पंहुचाया जाए। पत्रकार वार्ता में जेपीएस तिवारी, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफअंसारी, राजिक अकील, शिवदीप डेहरिया सहित बडी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित रहें।

# घर के बाहर बैठे लोगों पर चढ़ा तेज रफ्तार डंपर, चालक मौके से फरार..





जगप्रेरणा सिवनी।

***कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के ग्राम सर्राहीर्री में बीती शाम करीब 7:45 बजे एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर घर के बाहर बैठे ग्रामीणों पर चढ़ गया।***

इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंपर क्रमांक **MP 50 H 0833** सर्राहीर्री से पिपरवानी की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और डंपर रवि वर्मा के घर में घुसते हुए वहां बैठे चार ग्रामीणों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में सुखमाल भलावी (45 वर्ष) पिता गणपत भलावी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रंजीत सरयाम पिता गोपसिंह सरयाम ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दो अन्य घायल ग्रामीणों में संदीप पिता बलवान मर्सकोले उम्र लगभग 36 वर्ष, चन्द्रभान पिता हरिओम वर्मा उम्र लगभग 36 वर्ष की हालत गंभीर होने पर उन्हें नागपुर रेफर किया गया है।

कुरई थाना में पदस्थ एसआई शैलेंद्र डोंगरे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## जानकारी देने से बचते रहे चौकी प्रभारी..

घटना के संबंध में बादलपार चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे घटना को लेकर स्थानीय लोगों में कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुलिस ने डंपर को जब्त कर बादलपार चौकी में खड़ा कराया है। मृतकों के शवों का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फरार चालक की तलाश जारी है।

# रंजीत वासनिक की मनाई गई 53 वीं जयंती



जगप्रेरणा बरघाट।

***विकास मोर्चा बरघाट के मुखिया रहें सिवनी विधानसभा चुनाव लड़कर अपनी मजबूत उपस्थिति देने वाले नगर परिषद बरघाट अध्यक्ष रहते विकास की गंगा बहाने वाले विकास***

पुरुष स्वर्गीय रंजीत वासनिक दाऊ का 15 अगस्त 24 में आकस्मिक निधन होने के बाद नगर विरान हुआ लेकिन उनके चाहने व याद करने वालों की कमी नहीं रही आज दिनांक 12 जून 2026 को श्री दाऊ के पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नया बस स्टैंड पर विकास मोर्चा बरघाट एवं उनके चाहने वालों ने रंजीत वासनिक को याद करते हुए उनका 53वां जन्म दिवस मनाया।

जहां पर वरिष्ठ नागरिक श्री देवी प्रसाद ब्रम्हे एवं लोकगीत गाकर अतरलाल वंशकार के अतिथि में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वर्गीय रंजीत वासनिक दाऊ के छायाचित्र पर माला पहनाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित किया जिसके बाद सभी गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित महिला पुरुष ने भी फूलो चढ़ाकर रंजीत वासनिक को उनके जन्मदिन पर याद किया। वहीं वीरेंद्र शेंडे विकास मोर्चा बरघाट को पूरे जोश के साथ एकजुट रहकर नगर विकास में योगदान देने की बात रखी तो अतरलाल वंशकार ने रंजीत दाऊ के साथ हमेशा खड़े रहने को याद कर आगे भी हम सब एक साथ रहकर कुछ अच्छा करना है कह कर याद किया तो देवीप्रसाद ब्रम्हे ने उनके बचपन से लेकर अभी तक के समय को याद कर नगर में किए गए विकास कार्यों को याद किया तो वहीं रंजीत वासनिक के बड़े भाई विनोद वासनिक ने भावुक मन उनकी नगर में किए गए कार्यों को गिनाकर सबसे आने वाले समय में उनके अधूरे रह गए काम को हम सब को पूरा करना है और इसके लिए अपने अपने वोट की ताकत का उपयोग करना है।

हमें ऐसे पार्षद व अध्यक्ष को चुनकर लाना है जो रंजीत वासनिक दाऊ के काम को पूर्ण रूप दे सकें उनके सपनों को पूरा कर सकें व बरघाट को विकास की धारा से जोड सकें उनके छोटे भाई की जयंती मनाने पर सभी का आभार व्यक्त किया रंजीत वासनिक दाऊ की 53वीं जयंती आयोजन करने वाले आशीष कंचनवार एवं अंशुल तिवारी ने आगे भी इसी प्रकार का सहयोग की अपेक्षा रखी एवं सभी का आभार व्यक्त किया। जयंती समारोह में विकास मोर्चा साथी, गणमान्य नागरिक महिला पुरुष एवं विकास मोर्चा बरघाट पार्षदगण उपस्थित थे।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना नारी सम्मान नहीं, तथ्यों को छिपाने का मामला - नीता पटेरिया..

## कांग्रेस अपनी विफलताओं और आंतरिक षड्यंत्रों पर पर्दा डालने के लिए 'नारी सम्मान' का सहारा ले रही..



जगप्रेरणा सिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया ने कांग्रेस द्वारा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के मुद्दे को 'नारी सम्मान' से जोडने् पर कड़ी आपत्ति जताई है।***

उन्होंने कहा कि यह मामला किसी महिला सम्मान या महिला अधिकारों का नहीं, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने और कानूनी दायित्वों की अनदेखी का है। कांग्रेस अपनी राजनीतिक विफलताओं, आंतरिक गुटबाजी और संगठनात्मक नाकामी पर पर्दा डालने के लिए इसे महिला सम्मान का मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। अपने गृह नगर छपारा में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीता पटेरिया ने कहा कि कांग्रेस जिस विषय को 'नारी सम्मान' बताकर प्रचारित कर रही है, उसकी वास्तविकता बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि यह मामला एक महिला कार्यकर्ता की शिकायत पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी, आरोपी नेताओं को संरक्षण देने और बाद में तथ्यों को छिपाने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस नेता कुंभम शिवकुमार रेड्डी पर एक महिला कार्यकर्ता ने शादी का झांसा देकर शोषण, ब्लैकमेल और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत और प्रकरण दर्ज होने के बाद तत्कालीन तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की भूमिका को लेकर भी प्रश्न उठे तथा उनका नाम भी अपराध पंजीयन में सामने आया। उन्होंने कहा कि इस मामले में मीनाक्षी नटराजन स्वयं न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर चुकी हैं। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद नामांकन पत्र और शपथ पत्र में इस तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया, जो नामांकन निरस्त होने का प्रमुख कारण बना।

पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि जब पीड़ित महिला कार्यकर्ता को संगठन और नेतृत्व के समर्थन की आवश्यकता थी, तब कांग्रेस नेतृत्व ने उसकी शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय आरोपी नेताओं को संरक्षण देने का काम किया। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने कई बार कांग्रेस नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसे अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। एक प्रमुख समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में भी पीड़िता ने स्वयं यह आरोप लगाया था कि यदि समय रहते उसकी शिकायत पर कार्रवाई की गई होती, तो उसे न्याय के लिए लंबा संघर्ष नहीं करना पड़ता। नीता पटेरिया ने कांग्रेस से कई सवाल पूछते हुए कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि नामांकन पत्र में तेलंगाना प्रकरण से जुड़ी जानकारी छिपाने का प्रयास क्यों किया गया, जब न्यायालयीन कार्यवाही और समन की जानकारी थी तो उसका उल्लेख शपथ पत्र में क्यों नहीं किया गया, महिला कार्यकर्ता की शिकायत को गंभीरता से क्यों नहीं लिया गया तथा आरोपी कांग्रेस नेता के खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को महिला सम्मान पर उपदेश देने से पहले अपने नेताओं और उनके बयानों का इतिहास देखना चाहिए। मध्यप्रदेश सहित देशभर में कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों और असंवेदनशील व्यवहार के अनेक उदाहरण सामने आए हैं। महिला उत्पीडऩ और शिकायतों की अनदेखी कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है।

नीता पटेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि किसी भी महिला से जुड़े मामले में न्याय, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए। महिलाओं के सम्मान की रक्षा केवल नारों और राजनीतिक बयानबाजी से नहीं, बल्कि समय पर कार्रवाई और संवेदनशीलता से होती है।

उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना कांग्रेस द्वारा बताए जा रहे 'नारी सम्मान' के मुद्दे का नहीं, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में आवश्यक तथ्यों के प्रकटीकरण से जुड़े प्रश्नों का परिणाम है। कांग्रेस को जनता को भ्रमित करने के बजाय इस विषय पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

# डीएपी के स्थान पर एनपी खाद का किया जा रहा वितरण..

## किसानों ने नागरिक आपूर्ति विभाग पर खाद वितरण को लेकर लापरवाही का लगाया आरोप..




जगप्रेरणा सिवनी।

***नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की समस्त सेवा सहकारी सोसाइटियों को आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए डीएपी आवंटित करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन देखा जा रहा है कि विभाग***

द्वारा सोसाइटियों को डिमांड के अनुसार आवंटन नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण किसान परेशान है। देखा गया कि सिवनी जिला मुख्यालय के निकट ग्राम लखनवाड़ा में आने वाली लगभग 25 पंचायत के अंतर्गत ग्रामों के लोगों को डीएपी18146 जिसकी कीमत प्रति बोरी 1350 रुपए है जो कि किसानों को आवंटित की जाना चाहिए लेकिन देखने में आ रहा है कि लगभग 15 दिनों से डीएपी 18 146 के स्थान पर एनपी के 20 20 13 प्रदाय की जा रही है जिसकी कीमत 2100रू. प्रति बोरी है इसी तरह एनपी 1232 16 जिसकी कीमत 1900 रू. है वह प्रदान की जा रही है जो किसानों के जेब पर अतिरिक्त बोझ है। सूत्रों का कहना है कि विभाग के पास डीएपी 18146 स्टॉक में होने के बावजूद भी उसे दबाया जा रहा है जिससे किसान नाराज हैं किसानों को इस बात की चिंता है कि बारिश प्रारंभ होते ही वे अपने खेतों में भोगनी के कार्य में जुड़ जाएंगे इसके पश्चात उन्हें हाथ की आवश्यकता पड़ेगी ऐसी स्थिति में अगर उन्हें खाद समय पर नहीं मिलेगी तो उन्हें परेशान होना पड़ेगा।

इसी बात को लेकर ग्राम पंचायत लखनवाड़ा अंतर्गत आने वाली सरकारी सेवा सहकारी समिति से जुड़े मोहन सिंह ठाकुर, निरंजन ठाकुर, कारीरात, प्रेमचंद सनोदिया, विजय बघेल, जैतपुर कला सतीश ठाकुर लखनवाड़ा, सतवंत सनोदिया भडांरपुर ने मांग की है कि उन्हें डीएपी खाद तत्काल प्रदान की जाए जिससे किस समय पर अपना कृषि कार्य कर सके एवं नागरिक पूर्ति अधिकारी पुरवइया के खिलाफ कार्रवाई की जाए।


## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*


# खमारपानी मार्ग पर नाकाबंदी कर बोलेरो वाहन से 128 कि.ग्रा. मृत मछलियाँ बरामद



जगप्रेरणा सिवनी।

***क्षेत्र संचालकपेंच टाइगर रिज़र्व ने बताया कि आज दिनांक 13.06.2026 को पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र गेम रेंज गुमतरा (कोर) के गश्ती दल को मुखबिर के माध्यम***

से प्रतिबंधित कोर क्षेत्र में अवैध प्रवेश एवं मत्स्याखेट की सूचना प्राप्त हुई। वन अमले द्वारा पुलिस दल के साथ संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलपुलडोह से खमारपानी मार्ग पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान बोलेरो वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से लगभग 128 कि.ग्रा. मृत मछलियाँ (02 नग जूट के बोरे, 02 नग नायलोन थैले एवं 01 नग प्लास्टिक कैरेट में भरी हुई) बरामद की गई। इस कार्यवाही में राजू पिता बुधमान विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी मरजातपुर (मौके से गिरफ्तार) तथा शरीफखान पिता बशीर खान, उम्र 55 वर्ष, वाहन मालिक, निवासी खमारपानी (मौके से फरार) से उक्त सामग्री को जप्त कर वन्यप्राणी अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय छिंदवाड़ा में प्रस्तुत किया गया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की संभागीय प्रेक्षक ने की समीक्षा

**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक श्री अरुण पाण्डेय ने सिवनी पहुंचकर पुनरीक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के पांचों नगरीय निकायों तथा पंचायतवार प्राप्त दावे-आपत्तियों, नए नाम जोड़ने, नाम विलोपन एवं संशोधन संबंधी आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली।

समीक्षा बैठक में श्री पाण्डेय ने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है। इसलिए मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक नागरिकों को इसकी जानकारी दी जाए, ताकि पात्र मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकें तथा आवश्यक संशोधन करा सकें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृत अथवा स्थायी रूप से अन्यत्र पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम नियमानुसार सूची से हटाने की कार्रवाई की जाए तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए पात्र मतदाताओं के नाम समय-सीमा में जोड़े जाएं। साथ ही प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध एवं अद्यतन हो सके।

संभागीय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता काफी हद तक मतदाता सूची की शुद्धता पर निर्भर करती है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी.एल. चनाप सहित जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।


## न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विधायक विवेक पटेल का चहेता पूर्व सरपंच राजा अली फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***ट्रेडिंग के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देकर क्षेत्र के भोले भाले लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। वारासिवनी वार्ड नंबर 1 के निवासी नागेंद्र रंगारे, मिनाज अली, शहीद खान,***

आदिल कुरैशी सहित कई अन्य पीड़ित नागरिकों ने पुलिस थाना वारासिवनी के थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने ग्राम वारा के पूर्व सरपंच रिजवान उर्फ राजा अली, मुद्दसर, तौसीफ और फरहान पर फॉरेक्स ट्रेडिंग के बहाने लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व सरपंच राजा अली विधायक विवेक पटेल का खासमखास है, तथा माना जा रहा है कि विधायक विवेक पटेल के राजनीतिक संरक्षण में इसने लोगों को ठगने का काम किया है। यहां उल्लेखनीय है कि राजा अली जनपद पंचायत वारासिवनी में विधायक प्रतिनिधि के रुप में पदासीन किया गया था, तथा वह जिला कांग्रेस कमेटी में जिला सचिव के पद पर कार्यरत है।

उल्लेखनीय है कि एक तरफखुद विधायक विवेक पटेल जिनके कार्यकाल में नगर पालिका वारासिवनी में अनेक अनियमितताएं की गई, तो वहीं उनके कार्यकाल में विकास के लिये संघर्ष करना तो दूर सिर्फफेक नेरेटिव फैलाकर अपने आपको ईमानदार बताने का विधायक विवेक पटेल स्वांग रचते दिखाई देते हैं, और यहां इस मामले में उनके एक प्रमुख साथी जिसे उन्होंने विधायक प्रतिनिधि बनाया था, उसके कारनामे सामने आने के बाद विधायक विवेक पटेल पर भी ऊंगलियां उठती दिखाई दे रही है।

## इन्होंने की शिकायत..

थाने में सौंपी गई शिकायत में बताया कि रिजवान उर्फराजा अली ने पीडित नागेंद्र रंगारे, मिनाज अली, आदिल कुरैशी, शहिद खान और अन्य लोगों से लगातार संपर्क साधकर उन्हें एक तथाकथित ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया था। और दावा किया था कि वह स्वयं उस कंपनी में काम करता है और कई बड़े व नामी लोग इसमें पैसा लगाकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। लगातार दिए गए प्रलोभनों के बाद पीडितों को झांसा दिया कि यदि वे एकमुश्त राशि जमा करते हैं तो उन्हें प्रति माह 5 प्रतिशत की दर से लाभांश दिया जाएगा। साथ ही यह आश्वासन भी दिया था कि यदि कंपनी डूबती है तो वह अपने पास से पूरा पैसा वापस लौटाएगा।

## फर्जी ऐप और आईडी बनाकर की धोखाधड़ी..

पीड़ितों का आरोप है कि पैसे लेने के बाद रिजवान अली ने उन्हें एक ऑनलाइन आईडी और पासवर्ड बनाकर दिया था जिसमें उनकी बैंक डिटेल फीड थी। शुरुआत में कुछ महीनों तक 5 प्रतिशत की दर से राशि दी गई लेकिन कुछ समय बाद आईडी से ट्रांजैक्शन बंद हो गया। जब पीड़ितों ने इस पर आपत्ति जताई तो तकनीकी खराबी का बहाना बनाया और बाद में पता चला कि राजा अली ने स्वयं की गारंटी लेते हुए ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर एक फर्जी मोबाइल ऐप तैयार किया था। इस फर्जी ऐप के जरिए शुरुआत में थोड़ा लाभ दिखाकर पीड़ितों का विश्वास जीता गया और बाद में पूरा पैसा ब्लॉक कर दिया गया।

## राजा अली ने मुझे ट्रेडिंग लाभांश का झासा देकर फंसाया- नागेंद्र रंगारे

पीड़ित नागेंद्र रंगारे ने बताया कि मैं वार्ड नंबर एक रहता हूं 2024 में वारा के पूर्व सरपंच राजा अली ने मुझे बुलाया और ट्रेडिंग के बारे में समझाया । मुझे रिस्क पता था पर उन्होंने 6 प्रतिशत हर महीने मिलने की बात कहीं और मुझे लेकर अपनी प्रॉपर्टी दिखाने गए और कहां की तुमने नौकरी में क्या कमाया है । कई सम्मानजनक लोगों के नाम भी बताएं कि इन्होंने इन्वेस्ट किया है तो इन्होंने मुझे पहली बार 3 लाख और फिर दो.दो लाख कर 7 लाख रुपए मेरे लगाएं मेरे खाते को एक अपने ऐप में जोड़ा। इसमें राजा अली इनवेस्ट करता था हम लोगों से केवल ओटीपी मांगता है राजा अली, मुदस्सर, फरहान और तौसीफ



यह चार लोग है जब हमने रुपए मांगने के लिए संपर्क किया तो इन्होंने देने से इनकार कर दिया।

## लगातार ट्रेडिंग कंपनी में पैसा डालने दबाव बनाया जा रहा था- आदिल कुरैशी

आदिल कुरैशी ने बताया कि 2023 में मुद्दसर मेरे पास आकर लगातार ट्रेडिंग कंपनी में पैसा डालने के लिए फोर्स कर रहा था बहुत ज्यादा परेशान कर दिया था। फिर भी काफी हमारे द्वारा उसे मना किया गया परंतु जुलाई 2024 में वह घर आकर जिद करने लगा तो हमने 1 लाख रूपये डाले। इन्होंने हमें अच्छा लालच दिखाया और दबाव भी बनाया अब जब हम पैसा मांगने के लिए फोन लगाया तो ब्लैक लिस्ट में हमारा नंबर डाल दिए। कंपनी बंद हो गई तो रुपए नहीं मिलेंगे कहते हैं हम यही चाहते हैं कि हमें हमारे रुपए मिले और इन लोगों पर कठोर कार्यवाही हो।

## वारासिवनी में यह मामला 25 करोड़ का है जो राजा अली ने सबको फंसाया है- मिनाज अली

मिनाज अली ने बताया कि मैं वार्ड नंबर 7 में रहता हूं राजा अली ने मोबाइल पर संपर्क मुझे किया ट्रेडिंग का बताया लगने वाले पैसे की फुल गारंटी ली । भरोसा बताया तो हमने भी अपने रुपए लगा दिए तीन से चार महीने अच्छा वापस दिया और फिर अचानक बंद कर दिया। पूछने पर टालमटोल करने लगे मैंने पहले 5 लाख फिर 4 लाख ऐसे कुल 9 लाख रुपए मेरे हैं । यह मामला बहुत बड़ा है करीब वारासिवनी में 25 करोड रुपए का मामला है। इन्होंने पूरे रुपए समेट कर प्रॉपर्टी खरीद ली है अब कहते हैं कि जो बनता है कर लो जबकि इन्हें वादे के अनुसार हमें हमारे रुपए देने चाहिए। क्योंकि इन्होंने हमें हमारी इच्छा पर विड्रोल की भी बात कही थी परंतु वह हो नहीं रहा है। हम पुलिस अधीक्षक के भी पास इस मामले में जाने वाले हैं।

## बोले एसडीओपी अभिषेक चौधरी..

वारासिवनी के एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि फॉरेक्स ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का प्रलोभन देकर लोगों के पैसे बड़ी मात्रा में लगाने की शिकायत कुछ शिकायतकर्ताओं के द्वारा थाना प्रभारी को की गई थी। जिसमें जांच की जा रही है और पता लगाने का कार्य किया जा रहा है कि यह जो लोग हैं वह किसी कंपनी से जुड़े थे किस पद पर कार्य कर रहे थे। जांच में आए तथ्यों के आधार पर आगे विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## राजा अली के द्वारा धमकी दी जाती है की रिपोर्ट करोंगे तो पैसे नही मिलेंगे- शहिद खान

शहिद खान ने बताया कि कोई ट्रेडिंग कंपनी की जानकारी लेकर मुद्दसर तौसीफ के साथ हमारे घर आया और हमें समझाया । यह रोज आते थे कहते थे हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करो अच्छा वापस देंगे तो हमने रुपए लगा दिए, चार माह तक इन्होंने रुपए वापस किया फिर साइड बंद हो गई। कन्वर्ट हो रही है ऐसे कई प्रकार के बहाने बताएं दो तीन बार हमने इन्हें अपना पैसा मांगा तो कहा कि आगे से पैसा आते ही हम दे देंगे । 9 जून को हमने इन्हें फोन किया तो यह कहते हैं कि अभी कोई चांस नहीं है रुपए मिलने का रिपोर्ट लगाओगे तो रुपए नहीं मिलेंगे तो हमने थाने में शिकायत की है।

# स्टेशनमार्ग स्थित शनिदेव मंदिर में नवग्रहों के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 26 जून से..

## तीन दिवसीय कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शहर के स्टेशन मार्ग स्थित भगवान शनिदेव मंदिर में विक्रम संवत 2084 शाके 1948 द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 24 जून 2026 को नवग्रहों के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित गिरधर प्रसाद जोशी( शनि महाराज) ने बताया कि***

इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नवग्रहों सूर्य,चंद्र, मंगल, बुध, ब्रहस्पति, शुक्र,न्याय एवं कर्मफल के अधिष्ठाता शनि देव,राहु और केतु विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिवस 22 जून को राम मंदिर प्रांगण से प्रातः 10 भव्य कलश कलश यात्रा प्रायश्चित, दशाविधि स्नान, मंडप प्रवेश, कलश स्थापना वेदी पूजन, अग्नि स्थापना, जलाधिवास 23 जून को दैनिक पूजन, यज्ञ, अन्नादिवास, फलाधिवास, जलाधिवास एवं 24 जून को दैनिक पूजन, यज्ञ, शयनाधिवास, न्यास प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति के बाद शाम 5 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। मंदिर के पुजारी शनि महाराज ने इस धार्मिक कार्यक्रम में शनि भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमियों से उपस्थित होकर धर्मलाभ कमाने की अपील की है।

# धार्मिक नगरी के प्रवेश द्वार पर जलभराव: लाखों की लागत, लेकिन पहली बारिश में खुली व्यवस्थाओं की पोल..





जगप्रेरणा रामपायली।

***शासन द्वारा रामपायली को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। नगर के सौंदर्यीकरण और पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्य प्रवेश मार्ग पर लाखों रुपये की***

लागत से भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी कराया गया, किन्तु पहली ही बारिश ने विकास कार्यों की वास्तविकता उजागर कर दी है।

प्रवेश द्वार के आसपास जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा का पानी सड़क और आसपास के क्षेत्र में जमा हो जाता है। जलभराव के कारण कीचड़, गंदगी और दुर्गंध की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय व्यवसायी किरणे सिंह बैस ने बताया कि जिस स्थान से होकर दर्शनार्थी और आगंतुक रामपायली में प्रवेश करते हैं, वहीं उन्हें गंदगी और जलभराव का दृश्य देखने को मिल रहा है। ऐसे में पर्यटन नगरी की परिकल्पना और धरातल पर दिखाई देने वाली व्यवस्थाओं के बीच बड़ा विरोधाभास नजर आता है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब लाखों रुपये खर्च कर प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया, तब पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक किसी भी स्तर पर स्थायी जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? यदि निर्माण कार्य के साथ-साथ ड्रेनेज की समुचित योजना बनाई जाती तो पहली ही बारिश में ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और योजना का परीक्षण कराया जाए। उनका कहना है कि धार्मिक नगरी का स्वागत स्वच्छता, सुंदरता और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं से होना चाहिए, न कि जलभराव, कीचड़ और गंदगी से।

## जनता का सवाल

'जब प्रवेश द्वार ही जलभराव और गंदगी का प्रतीक बन जाए, तो पर्यटन नगरी की पहली छवि कैसी बनेगी?' रामपायली के नागरिक ओमप्रकाश बसोंड़ ने कहा कि अब प्रशासन से जवाब और समाधान दोनों की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि विकास के दावों के साथ मूलभूत सुविधाएं भी धरातल पर दिखाई दें।

# श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय के लिए आयोजित हुआ 'अनुगूंज' विधिक साक्षरता शिविर..





जगप्रेरणा बालाघाट।

श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय के व्यक्तियों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 जून को राज्यव्यापी विधिक साक्षरता शिविर 'अनुगूंज' का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, न्यायमूर्ति विवेक रुसिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया, जिससे मध्यप्रदेश के सभी जिलों में एक साथ इस विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संभव हो सका। बालाघाट जिले में कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री सतीश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेंद्र मोहन धुर्वे सहित श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय के 42 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उनके कानूनी अधिकारों, विभिन्न शासकीय योजनाओं, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया तथा विधिक सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने 'अनुगूंज' शिविर को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे दिव्यांगजन समुदाय को अपने अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं की बेहतर जानकारी प्राप्त होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय को न्याय एवं विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी सार्थक भूमिका निभाई।

# खरीफसीजन के लिए कृषि विभाग में उपलब्ध हैं उन्नत एवं प्रमाणित बीज

## कोदो, कुटकी, अरहर और धान के उच्च गुणवत्ता वाले बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध, किसान समय पर करें बुवाई

जगप्रेरणा बालाघाट।

***खरीफसीजन के मद्देनजर कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले के सभी विकासखंड स्तरीय कृषि विभाग कार्यालयों में कोदो, कुटकी, अरहर एवं धान की अच्छी गुणवत्ता वाली, उच्च उत्पादन क्षमता युक्त***

तथा अनुसंधानित किस्मों के बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे प्रमाणित बीजों का उपयोग कर किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

उन्नत किस्मों के बीजों से फसल की गुणवत्ता बढ़ती है, रोगों एवं प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है तथा उत्पादन लागत के मुकाबले अधिक लाभ प्राप्त होने की संभावना रहती है।

श्री मालवीय ने किसान भाई-बहनों से अपील की है कि वे कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे प्रमाणित बीजों को सस्ती दरों पर प्राप्त कर समय पर बुवाई करें। इससे फसल उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। किसानों को खरीफफसलों की बेहतर पैदावार के लिए उन्नत एवं अनुसंधानित किस्मों के बीजों का उपयोग करना चाहिए।

कृषि विभाग ने किसानों से आग्रह किया है कि बीज प्राप्त करने एवं अन्य तकनीकी जानकारी के लिए अपने निकटतम कृषि विभाग अथवा विकासखंड कृषि कार्यालय से संपर्क करें।

÷उन्नत बीज अपनाएं, अधिक उत्पादन पाएं÷ के संदेश के साथ कृषि विभाग ने किसानों से खरीफ सीजन में प्रमाणित बीजों के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया है।

# दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र के लिए बालाघाट से 12 हजार से अधिक लोगों का पंजीयन

## 14 जून को होगा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए ऐतिहासिक ऑनलाइन योगाभ्यास कार्यक्रम

जगप्रेरणा बालाघाट।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं अग्रणी डिजिटल वेलनेस प्लेटफॉर्म हबील्ड (॥ड्ड्रह्वद्यस्र) के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून 2026 को दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है। बालाघाट जिले से इस अभियान में अब तक 12 हजार 967 लोगों का पंजीयन किया जा चुका है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पंद्रे ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन की थीम ÷स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग÷ रखी गई है। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को योग के माध्यम से सक्रिय, स्वस्थ और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही सभी आयु वर्ग के लोगों को दैनिक जीवन में योग अपनाने का संदेश देना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा व्यापक जन-जागरूकता एवं पंजीयन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को जोड़ते हुए बड़ी संख्या में लोगों का पंजीयन कराया गया है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह उईके ने जानकारी दी कि यह वर्चुअल योग सत्र 14 जून को प्रातः 6:15 बजे प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर अथवा विभाग द्वारा जारी ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सएप पर ऑनलाइन योग सत्र का लिंक प्राप्त होगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रत्येक प्रतिभागी की गणना सुनिश्चित करने के लिए सत्र के दिन प्रत्येक व्यक्ति को अपने अलग मोबाइल अथवा डिजिटल डिवाइस से व्यक्तिगत रूप से लॉग-इन करना अनिवार्य होगा। सफल सहभागिता के बाद प्रतिभागियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ. पंद्रे ने जिले के सभी नागरिकों, योग प्रेमियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश देता है, बल्कि भारत के नाम एक नया वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने में योगदान देने का भी माध्यम है।











## बालाघाट में प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह के करकमलों से हुआ गर्रा रोड रेलवे क्रॉसिंग ओव्हर ब्रिज का किया लोकार्पण..

### बालाघाट जिले के लिए विकास के नये द्वारा खोलेगा ब्रिज - बोले प्रभारी मंत्री श्री सिंह

### 21.68 करोड रुपए की लागत से बना है रोड ओव्हरब्रिज










**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 13 जून को बालाघाट-वारासिवनी-कटंगी मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी के पुल के पहले रेल्वे***

क्रासिंग बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 पर निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) का लोकार्पण किया। इस ब्रिज के लोकार्पण के साथ ही इससे वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। रोड ओव्हर ब्रिज से आवागमन शुरू होने से रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि राजा भोज के नामकरण वाले इस ओव्हरब्रिज के लोकार्पण कार्यक्रम में उन्हें शामिल होने का सौभाग्य मिला है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश में व्यापक स्तर पर परिवर्तन आया है और विकास के अनेको कार्य कराये जा रहे है। इससे बालाघाट जिला भी अछुता नही रहा है। बालाघाट में रेलवे क्रासिंग पर निर्मित यह पुल केवल बालाघाट जिले की जनता के लिए ही नही बल्कि यहॉं आने वाले यात्रियों के लिए भी एक सुखद अहसास कराने वाला माध्यम बनेगा। इसका लाभ जिले की जनता और आने वाले यात्रियों को लंबे समय तक मिलेगा। यह रोड ओव्हरब्रिज बालाघाट जिले के विकास के नये द्वारा खोलेगा और नई संभावनाओं को जन्म देगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण हो गए है। उनके नेतृत्व में देश में प्रगति के नये सोपान तय किये है और देश को तेजी से विकास की राह पर आगे बढाया है। हम सौभाग्यशाली है कि हमें डबल इंजन की सरकार मिली है। केंद्र और राज्य दोनो सरकारों में समन्वय होता है तो वहॉं पर प्रगति पहले दस्तक देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कमजोर व गरीब तबके के लोगो को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना में गरीबों को एक साल में 05 लाख तक का मुफ्त ईलाज की सुविधा दी है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां पर गरीब लोगो को एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी गई है।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने बालाघाट के जनप्रतिनिधियों को सामंजस्य के साथ जिले के विकास की कार्य योजना तैयार करने के लिए बधाई दी और कहा कि आज लोकार्पित हो रहे ब्रिज का नाम राजा भोज के नाम पर किया गया है। यह एक सराहनीय कार्य है।

### यह रहे प्रमुख रुप से उपस्थित..

रोड ओव्हर ब्रिज के लोकार्पण अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, गौरीशंकर बिसेन, प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत डुलेन्द्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, सत्यनारायण अग्रवाल, सेतु निर्माण संभाग के अधीक्षण यंत्री जी पी पटले, एसडीओ अर्जुन सनोडिया, नगर पालिका के पार्षद, अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं आमजन उपस्थित थे।

## बालाघाट में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने आयोजित साईकिलिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया भाग, विजेताओं को मिले पुरुस्कार..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान, बालाघाट में खेल प्राधिकरण ने जिले में साईक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से साईक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन***

किया। जिला साईक्लिंग संघ और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी ने संयुक्त रूप से वूमेन अस्मिता लीग साईक्लिंग रेस के आयोजन में 7 किलोमीटर राउंड की एलिट, जूनियर-सबजूनियर और युथ गर्ल्स वर्ग में आयोजित की गई। चिंतनीय बात यह है कि इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को डेंजर रोड के खराब रास्ते में साईक्लिंग करनी पड़ी, जिसमें महिला एलिट वर्ग में (19 प्लस) में श्रेया लिल्हारे प्रथम, आरती यादव द्वितीय और आरती परते तृतीय रही। इसी प्रकार जूनियर-सबजूनियर वर्ग में नव्या कलिहारे प्रथम, तामेश्वरी माहुले द्वितीय और मोनिका लिल्हारे तृतीय तथा युथ गर्ल्स वर्ग में चित्रांशी चौधरी प्रथम, कनक बिसेन द्वितीय और माही बनोटे तृतीय स्थान पर रही। जिसमें तकरीबन 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तीनों केटेगिरी में विजेता, उपविजेता और रनरअप प्रतिभागियों को अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार रंगलानी, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन जिला डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष तपेश असाटी एवं पसवेंद्र पारधी जिला अध्यक्ष बास्केटबॉल संघ के हस्ते मेंडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यह प्रतिभागी आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही 5 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल चुके तीन वरिष्ठ खिलाड़ियों मोनिका बनोते, भूपेंद्र पांचे और कीर्ति सहारे को सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजक जिला साइक्लिंग संघ के सचिव मनोज उपवंशी, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी अध्यक्ष तपेश असाटी, फिटनेस एकेडमी संचालक दमाहे सहित महिला बाल विकास अधिकारी रंजना चौधरी, पाश्वेंद्र पारधी, टीकाराम लिल्हारे,प्रकाश उपवंशी, राजेश बिसेन, डिलेंन्द्र राहंगडाले, धुवारे, रानु मेरावी सहित अन्य उपस्थित थे।




### व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने बालाघाट में भाजपा की बैठक लेकर किया मार्गदर्शन..

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सर्वागीण विकास की गाथा अविरल : प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कल जिला भाजपा की मासिक बैठक प्रदेश महामंत्री, छिंदवाडा संभाग प्रभारी, सांसद, डां सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, जिले प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद भारती पारधी, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप गुडडा जायसवाल, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष लता एलकर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जिले की संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याण के बेमिसाल 12 साल की उपलब्धियों सहित विभिन्न क्रियाकलापों को लेकर विचार-विर्मश और संपादित कार्यो की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चन के साथ किया गया।

### निरंतर- बारम्बार बैठक, और प्रवास हमारी पंरपराः सुमेर सिंह सोलंकी

बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री डां सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा, भाजपा अपने तपोनिष्ठ कार्यकर्ता के बल पर कार्य करती है। पार्टी की पंरपरा निरंतर- बारम्बार बैठक, संवाद, संपर्क, प्रवास, प्रशिक्षण और अभ्यास संगठन संरचना और कार्यकर्ताओं के नव निर्माण में निर्णायक साबित हो रही है। इसी भाव से अपनी कार्यप्रणाली के अनुसार देश और प्रदेशों में भाजपा नेतृत्वशील सरकारें जनकल्याण के कार्यो के मुस्तैदी से संपादित कर रही है। डां सोलंकी ने आगे कहा, हमारी विचारधारा हमारी मूल शक्ति है, जिसके बदौलत असंख्य कार्यकर्ताओं का तपो बल भाजपा के राष्ट्रनिर्माण के रथ को आगे बढा रही है। इसी पंरपरा के वाहक बनकर बालाघाट का जिला-मंडल- बूथ स्तर का समूचा संगठन उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशंसनीय है।

### भाजपा कार्यकर्ता कार्य के प्रति समर्पित-: उदय प्रताप सिंह

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा, गर्व और गौरव की बात है कि, बालाघाट जिले का भाजपा कार्यकर्ता कार्य के प्रति समर्पित और निष्ठावान, जनकल्याणकारी है। जिनके समर्पण से आज जिले चंहुओर भाजपा का परचम लहरा रहा है। परिणिति में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में चंहुमुखी विकास और जनकल्याण की बयार बह रही है। श्रृखंला में आज जिले में आरआरबी जैसे वृहद पुल की सौगात मिली। इसके अलावा जिले में सर्वागीण विकास की गाथा अविरल है। निशिचित ही जिले का संगठन प्रदेश में अपनी अनूठी पहचान रखता है।

### यह रहे उपस्थित..

बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुरेन्द्र गुडडा मरकाम, जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे, किशोंर अमूले, गोपाल आडवाणी, अजय मेश्राम, जितेन्द्र सिंह मोहारे, त्रिवेणी गोस्वामी जिला महामंत्री अनुपमा नेताम, अभय सेठिया, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, कन्हैया चौहान, राजेश गोमासे, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जितेन्द्र चौधरी, सुमित यादव, चंद्रकांत पिपलेवार, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, जनपद अध्यक्ष फूलचंद साहरे, संबल सिंह धुर्वे, झामसिंह नागेश्वर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना रांहगडाले, डिल्लन सिंह ताराम, यशवंत लिल्हारे, संतोष शुक्ला, सतीश लिल्हारे, राजेश गोमासे, राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, योगेश बिसेन, योगेश खैरवार, चित्रसेन पारधी, योगेश शरणागत, मिलिन्द नगपूरे, आलोक चौरसिया, देवेश ऐडे, वेदराम रांहगडाले, पंकज खोखले, डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे, मोनिल जैन, पलास बिसेन, रूपेश वैध, सोनू जैन, सोनाली कुसराम, सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन







**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***दिनांक 11 जून 2026 को सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी, बालाघाट, डॉक्टर्स यूनियन पंडियाछपारा के तत्वावधान में एवं ग्राम पंचायत पंडियाछपारा के सहयोग***

से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में डॉ. प्रिंस वर्मा (ब्रेन एवं स्पाइन विशेषज्ञ), डॉ. निकलेश वासनिक (जनरल सर्जन), डॉ. शुभम वैद्य (अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं हिप-जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ. प्रवीण जयराजन (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. रश्मि सरकरवाड़े (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. अभिषेक अडे (फिजियोथेरेपिस्ट) उपस्थित रहे। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों को निःशुल्क बी.पी. जांच, शुगर जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पंडियाछपारा के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने शिविर के सफल आयोजन हेतु सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी एवं उपस्थित सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# गिल का नाबाद अर्धशतक, भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत ने पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज गुरनूर बरार और स्पिनर हर्ष दुबे की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 84 रन) के अर्धशतक से शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले वनडे में अफगानिस्तान को सात विकेट से हरा दिया।***

लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में चार घंटे 15 मिनट की देरी हुई, लेकिन आसमान साफ होने के बाद बेहतरीन 'ड्रेनेज सिस्टम' से ज्यादा समय बर्बाद नहीं हुआ। इससे मैच को घटाकर 25-25 ओवर का कर दिया गया और उम्मीद के मुताबिक भारत ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।

बरार और दुबे ने तीन तीन झटके देकर प्रभावित किया जिससे अफगानिस्तान की टीम विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (51 गेंद में 102 रन) के शतक के बावजूद 24.5 ओवर में 194 रन पर सिमट गई।

बरार ने 4.5 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि बांए हाथ के स्पिनर दुबे ने 47 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। अर्शदीप सिंह ने 27 रन और नीतिश कुमार रेड्डी ने 31 रन देकर दो दो विकेट लिए।

गिल ने अपने सलामी जोड़ीदार और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा (16 रन) के रन आउट होने के बाद 66 गेंद में 11 चौके और दो छक्के जड़ित नाबाद पारी खेली। गिल ने छठे ओवर में जोखिम भरा एक रन लेने से इनकार कर दिया जिससे रोहित रन आउट हुए। केएल राहुल (19 गेंद में चार चौके, तीन छक्के से नाबाद 39 रन) ने चौका जड़कर 13 गेंद रहते भारत को जीत दिलाई और श्रृंखला में 1-0 से आगे कर दिया।

यह श्रृंखला भारत की 2027 वनडे विश्व कप तैयारियों की शुरूआत है जिसमें खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

ईशान किशन (22 गेंद में 34 रन) भी तीसरे नंबर पर वनडे में वापसी के दौरान अच्छी लय में दिखे लेकिन राशिद खान की गुगली ने उनकी पारी का अंत किया। श्रेयस अय्यर 15 गेंद में 12 रन ही बना सके और तेज गेंदबाज जियाउर रहमान की गेंद पर आउट हुए। गिल ने रहमान की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव से शुरुआत करने के बाद ज्यादातर शानदार बाउंड्री स्पिन तिकड़ी राशिद, मोहम्मद नबी और एएम गजनफर के खिलाफ लगाईं। गिल ने गुजरात टाइटन्स के अपने साथी खिलाड़ी राशिद की भी जमकर धुनाई की जिसमें मिड-विकेट के ऊपर लगाया गया छक्का खास रहा। इससे पहले टी20 क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुरबाज स्पष्ट सोच के साथ मैदान पर उतरे और उन्होंने अपनी पारी के दौरान आठ चौके और इतने ही छक्के जमाए।

शुरुआत में गेंद हवा में थोड़ी स्विंग हो रही थी, लेकिन गुरबाज ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने अर्शदीप की गेंद पर कट लगाकर चौका जड़ा और फिर आगे बढ़कर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की गेंद को सीधे मैदान के ऊपर से छक्के के लिए भेजा। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बरार इससे पहले लंबे समय तक भारतीय टीम के साथ नेट गेंदबाज रहे थे, उन्होंने अपने पहले ओवर में लगातार 145 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी की और गेंद को बाहर की ओर स्विंग कराया। बरार की शुरुआती कुछ गेंदें फुल लेंथ से बाहर की ओर स्विंग हुईं। जिसके बाद उन्होंने अपनी लेंथ को कम करते हुए सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को गलती करने पर मजबूर किया जो हवा में शॉट खेलने की कोशिश में मिड-ऑफपर कैच आउट हो गए। पंजाब के इस तेज गेंदबाज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तुरंत सफलता मिल गई।

अर्शदीप के सेदिकुल्लाह अटल को पगबाधा आउट करने के बाद अफगानिस्तान का स्कोर 16 रन पर दो विकेट हो गया। फिर रहमत शाह भी अर्शदीप की गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए और स्कोर तीन विकेट पर 26 रन हो गया। गुरबाज 14 रन के निजी स्कोर पर आउट हो सकते थे, लेकिन अर्शदीप और भारत ने रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया। गुरबाज ने मौके का फायदा उठाते हुए नौंवा वनडे शतक जड़ दिया। उन्होंने अपने आक्रामक खेल से दुबे समेत सभी गेंदबाजों पर दबाव बनाया। दुबे के पहले दो ओवरों में 26 रन बने जिसमें गुरबाज ने उनकी दो शॉर्ट गेंदों पर मिड-विकेट के ऊपर से छक्के जड़े।

गुरबाज ने बरार की एक शॉर्ट गेंद पर भी छक्का लगाया और प्रसिद्ध कृष्णा और वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों की भी जमकर धुनाई की। हालांकि नीतीश कुमार ने सधी हुई गेंदबाजी की और दो विकेट भी लिए। 16वें ओवर में गुरबाज के आउट होने से रन गति धीमी हो गई और अफगानिस्तान गुरबाज द्वारा मिली मजबूत नींव का पूरा फायदा नहीं उठा सका।

दुबे ने अपने दूसरे स्पेल में अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (30 गेंदों पर 27 रन), आक्रामक ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई (16 गेंदों पर 26 रन) और एएम गजनफर को आउट करके विकेटों का खाता खोला।

# FIFA World Cup 2026 Day3: कतर बनाम स्विट्जरलैंड और ब्राजील बनाम मोरक्को के बीच महामुकाबला, देखें पूरा शेड्यूल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***फीफा वर्ल्ड कप 2026 का रोमांच धीरे-धीरे बढ़ते जा रहा है। टूर्नामेंट के तीसरे दिन (13 जून) फुटबॉल प्रेमियों को एक के बाद एक तीन बेहद रोमांचक ग्रुप स्टेज मैच देखने को मिलने वाले हैं।***

आज के दिन ग्रुप बी और ग्रुप सी की टीमें मैदान पर उतरकर सुपर-राउंड में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। पहला मैच ग्रुप बी के टीमों के बीच खेला जाएगा, जहां कतर और स्विट्जरलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। दूसरा और तीसरा मैच ग्रुप सी के टीमों के बीच खेला जाएगा।

## स्विट्जरलैंड और कतर का होगा आमना-सामना..

दिन का पहला मुकाबला ग्रुप बी से है, जहां कतर का सामना स्विट्जरलैंड से होगा। यह मैच सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में स्थानीय समयानुसार दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। स्विट्जरलैंड की मजबूत डिफेंस के सामने कतर के स्ट्राइकर्स की असली परीक्षा होने वाली है। भारतीय समयानुसार यह मैच 14 जून को देर रात 3:30 बजे से शुरू होगा। तकनीकी और रणनीतिक रूप से यह मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है। यदि कतर को इस मैच में अंक हासिल करने हैं, तो उन्हें स्विस मिडफील्ड के दबदबे को तोड़ते हुए गोल के शुरुआती मौके भुनाने होंगे।

## ग्रुप सी में ब्राजील की भिड़ंत मोरक्को से..

इसके बाद, ग्रुप सी के सबसे बड़े मुकाबले में फुटबॉल जगत की सबसे मजबूत टीमों में से एक ब्राजील की भिड़ंत मोरक्को से होगी। न्यू जर्सी के फेमस मेटलाइफ स्टेडियम में स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे होने वाले इस मैच पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी होंगी। फैंस भारत में ये मैच 14 जून को सुबह 3:30 बजे से देख पाएंगे। मोरक्को की टीम पिछले वर्ल्ड कप के अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी, जबकि ब्राजील की टीम अपनी पांच सितारा साख को मजबूत करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

## हैती और स्कॉटलैंड की टीमें होंगी आमने-सामने..

तीसरे दिन का आखिरी मैच भी ग्रुप सी का ही होगा, जिसमें हैती और स्कॉटलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। मैसाचुसेट्स के फॉक्सबरो स्थित बोस्टन स्टेडियम में यह मुकाबला स्थानीय समयानुसार रात 9 बजे शुरू होगा। दोनों ही टीमों के लिए ग्रुप स्टेज की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है।

भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए ये सभी मुकाबले देर रात और कल सुबह लाइव प्रसारित किए जाएंगे। भारत में ये मुकाबला 14 जून को सुबह 6:30 बजे शुरू होगा।

# केरल में अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने तैरता हुआ स्टेडियम बनाया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***केरल में फुटबॉल विश्व कप की दीवानगी चरम पर है, जहां सड़कों और गांवों में लियोनेल मेसी, नेमार और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे सितारों तथा अर्जेंटीना, ब्राजील और पुर्तगाल जैसी टीमों के पोस्टर, फ्लेक्स और कटआउट बड़ी संख्या में लगाए जा रहे हैं।***

लोग अपने घरों को भी अपनी पसंदीदा टीमों के रंगों से सजा रहे हैं। सबसे ज्यादा सुर्खियां हालांकि पुल्लावूर गांव में नदी के बीचों-बीच बने एक अनोखे 'स्टेडियम' को मिल रही हैं, जिस पर अर्जेंटीना की पूरी टीम के कटआउट लगाए गए हैं।

पुल्लावूर में अर्जेंटीना समर्थकों ने नदी के बीच नावों की मदद से एक छोटा सा तैरता हुआ स्टेडियम तैयार किया है। इसके ऊपर अर्जेंटीना टीम के सभी खिलाड़ियों के कटआउट लगाए गए हैं। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और पुल के पास से इस दृश्य का आनंद ले रहे हैं। इस फ्लोट (मंच) के निर्माताओं का कहना है कि उन्हें पूरा भरोसा है कि इस बार भी अर्जेंटीना ही विश्व कप जीतेगी। टीवी चैनलों की तस्वीरों में बच्चे और बड़े इस फ्लोट पर चलते, फोटो खिंचवाते और सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। आयोजकों ने यह भी बताया है कि इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि तेज हवा, भारी बारिश या नदी का जलस्तर बढ़ने पर भी यह न तो डूबेगा और न ही पलटेगा।

पिछले विश्व कप में भी पुल्लावूर में इसी तरह का उत्साह देखने को मिला था, जब नदी के छोटे से टापू पर अर्जेंटीना, ब्राज़ील और पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ियों के विशाल कटआउट लगाए गए थे। उस समय मेसी, नेमार और रोनाल्डो के कटआउट के बीच 'ऊंचाई की प्रतिस्पर्धा' ने दुनियाभर का ध्यान खींचा था।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# प्रणित मोरे शो विवादः अब डॉ. सेजल की भी बढ़ी मुश्किलें, पहले FIR अब मेडिकल कॉलेज ने भी लिया एक्शन..



डेस्क जगप्रेरणा।

***प्रणित मोरे इन दिनों काफी चर्चा में हैं, लेकिन किसी पॉजिटिव नहीं बल्कि नकारात्मक कारणों से। प्रणित अपने स्टैंडअप कॉमेडी शो को लेकर विवादों में घिरे हैं।***

उनके शो के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें से एक में हिमांशु जांगड़ा नाम का शख्स '370 रुपये की बिरयानी' पर शर्मनाक बयान देता और महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करता नजर आया था, वहीं एक अन्य वीडियो में सेजल पवार नाम की मेडिकल स्टूडेंट ने डेड बॉडीज को लेकर कुछ ऐसी बातें कहीं, जिसे लेकर आपत्ति जताई गई। इन वीडियोज के सामने आने के बाद जहां हिमांशु जांगड़ा को नौकरी से निकाल दिया गया तो वहीं अब डॉक्टर सेजल पवार को 15 दिनों की अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया गया है।

## 15 दिन की फोर्स्ड लीव पर भेजी गईं सेजल पवार..

MBBS स्टूडेंट सेजल पवार को पूरे विवाद के बाद 15 दिन की जबरदस्ती छुट्टी पर भेज दिया गया है। इसी के साथ उनके हॉस्टल या कॉलेज कैंपस में आने पर भी रोक लगा दी गई है। पांच सदस्यों वाली एक कमेटी ने सेजल के खिलाफये कदम उठाया है और मामले की जांच करने के बाद सात दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।यश्वरू हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज की स्टूडेंट सेजल पवार सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को लेकर विवादों में घिरी हुई हैं।

## प्रणित मोरे के शो के बाद विवादों में सेजल पवार..

दरअसल, हाल ही में सेजल पवार का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह बिग बॉस 18 फेम स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो में 'क्राउड वर्क' करते हुए मृत पुरुषों के प्राइवेट पार्ट्स के बारे में अपमानजनक बातें करती नजर आईं। प्रणित मोरे के शो के दौरान बातचीत के सेशन में सेजल बताती हैं कि कैसे वे और उनके साथी कई बार पुरुष शवों के प्राइवेट पार्ट्स को लेकर आपस में बात करते थे और उसकी तुलना करते थे।

जैसे ही ये वीडियो सामने आया, सेजल भी ट्रोल्स से घिर गईं और उनके खिलाफकार्रवाई की मांग उठने लगी।

## सेजल पवार के वायरल वीडियो की जांच..

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज ने इसकी जांच शुरू की और शुरुआती जांच से पता चला कि वायरल वीडियो में दिख रही लड़की सेजल पवार ही हैं। उनके बयानों को पहली नजर में ही अनुचित और अस्वीकार्य मानते हुए संस्थान ने उन्हें 15 दिनों की फोर्स्ड लीव पर भेजने का फैसला किया है। इसी के साथ अब वह इन 15 दिनों तक किसी भी एकेडमिक या कॉलेज की दूसरी गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। पूरे मामले की जांच के लिए एक विस्तृत कमेटी भी बनाई गई है, जिसमें एक रिटायर्ड सीनियर प्रोफेसर, एक सीनियर पत्रकार और मेडिकल कॉलेज के तीन फैकल्टी सदस्य शामिल होंगे।

# दिल्ली वाली भौजी संग कृष्णा अभिषेक को देख अंकिता का बना मुंह

# भारती सिंह ने दीपिका सिंह को किया रोस्ट, वीडियो देख हो जाएंगे लोटपोट..



डेस्क जगप्रेरणा।

***लाफ्टर शेफ्स - अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3 का नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बना हुआ है, जिसके अपकमिंग एपिसोड में 'दीया और बाती हम' की 'संध्या बींदणी' भी नजर आने वाली हैं।***

इस वायरल वीडियो में देखने को मिलता है कि कैसे कृष्णा अभिषेक अपनी देसी भौजी अंकिता लोखंडे को चिढ़ाने के लिए अपनी दिल्ली वाली भौजी दीपिका के साथ मस्ती करते हैं। दूसरी ओर, होस्ट भारती सिंह भी पीछे नहीं रहती वह शो में आईं 'मंगल लक्ष्मी' की एक्ट्रेस दीपिका के डांस का मजाक उड़ाती है और कृष्णा के साथ मिलकर उन्हें रोस्ट करती हैं। कमाल की बात यह है कि खुद को रोस्ट होता देख वह खुद भी हंस देती हैं।

## कृष्णा को दीपिका सिंह संग देख अंकिता का बना मुंह..

लाफ्टर शेफ्स सीजन 3 के नए प्रोमो में जब कृष्णा अभिषेक अपनी तीसरी भाभी यानी 'दिल्ली वाली भौजी' के साथ डांस-मस्ती करते नजर आते हैं तो अंकिता लोखंडे अपने देवर कृष्णा की हरकतों पर मजाकिया अंदाज में मुंह बनाकर गुस्सा करती है और चिढ़ने का नाटक करती दिखाई देती हैं। वहीं भारती सिंह की हाजिर-जवाबी ने कॉमेडी का मजा और बढ़ा दिया।

भारती ने टीवी एक्ट्रेस दीपिका सिंह के काफी चर्चा में रहे डांस मूव्स का मजाक उड़ाया, जिस देख कंटेस्टेंट्स और दर्शक सभी ठहाके लगाने लगे। हल्की-फुल्की नोक-झोंक और मजाकिया बातचीत इस एपिसोड की खास बातें रहीं, जिसमें कॉमेडी, इमोशनल ड्रामा और सेलिब्रिटीज के बीच की दोस्ती का शानदार कॉम्बो देखने को मिला।

## भारती सिंह ने दीपिका के डांस मूव्स का उड़ाया मजाक..

वीडियो की शुरुआत कृष्णा के यह कहने से होती है कि, 'मेरी दिल्ली वाली ब्रांड न्यू भौजी, आपको देखकर हमेशा ऐसा क्यों लगता है कि आप दो पैग लगाए हुए हो।' इस पर वह हंसती है और कहती हैं, 'ऐसा नहीं है।' इसी बीच, भारती सिंह एक्ट्रेस की एक्टिंग का मजाक उड़ाते हुए कृष्णा अभिषेक के पास आती हैं और कहती है, 'मंगल हूं मैं, मेरा टाइम हो गया डांस करने का। होश में रहो मंगल' दोनों ने दीपिका सिंह को जमकर रोस्ट किया, लेकिन एक्ट्रेस ने बुरा नहीं मना और उन्होंने इस पल का खूब मजा लिया। मेकर्स ने ये प्रोमो शेयर कर लिखा, 'भारती और कृष्णा के रोस्ट से कोई बच नहीं सकता, मंगल भी नहीं।'

# डॉल्फिन पर सवार अजय देवगन ने बढ़ाया रोमांच, धमाल 4 का ट्रेलर है कॉमेडी-एडवेंचर का धमाका, खजाने की तलाश में मचा बवाल!



डेस्क जगप्रेरणा।

***'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद 12 जून को 'धमाल 4' के मेकर्स ने अपनी फिल्म का मजेदार ट्रेलर शेयर कर दिया है। 'वेलकम टू द जंगल' की तरह ही 'धमाल 4' भी एक मल्टी-स्टारर फिल्म है, लेकिन इसमें पिछली फिल्म के मुकाबले कम स्टार्स हैं।***

अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'जब खजाने की बात आती है तो ये लोग ऐसी सिचुएशन में अपने-आप आगे आ जाते हैं धमाल 4 ट्रेलर अब आ गया है!' सोशल मीडिया पर ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है। दर्शकों को ट्रेलर की सबसे खास बात यह लगी कि इसमें डॉल्फिन, टाइगर और सांप से जुड़े कई मजेदार और रोमांचक सीन्स भी देखने को मिलते हैं।

## 'धमाल 4' का मजेदार ट्रेलर जीत लेगा दिल..

'धमाल 4' का ट्रेलर बहुत ही मजेदार है, जो 3 मिनट 27 सेकंड तक हमें बांधे रखता है। हालांकि, हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि कहानी एक बार फिर वैसी ही है, जिसमें सभी किरदार खजाने की तलाश में हैं। फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा, उपेंद्र लिमये, अंजलि आनंद, संजीदा शेख और ईशा गुप्ता हैं।

ट्रेलर में हर एक्टर ने बहुत ही शानदार काम किया है। हालांकि, रितेश और अंजलि सबसे ज्यादा ध्यान खींचते हैं। साथ ही, बैकग्राउंड में 'द चटनी सॉन्ग' भी सुनाई देता है, जो असल में सलमान खान की फिल्म 'दबंग 2' में था।

## अजय देवगन की डॉल्फिन राइड..

वीडियो के अगले हिस्से में कास्ट को खजाना खोजने के लिए एक रोमांचक सफर पर जाते हुए दिखाया गया है। इसमें समुद्री लुटेरों के जहाज पर सफर करना शामिल है, जिसमें रवि किशन कैप्टन के तौर पर जैक स्पैरो के रोल में नजर आते हैं। वे मगरमच्छों से लड़ते हैं, समुद्री तूफानों का सामना करते हैं और एक के बाद एक मुश्किल हालात से गुरते हैं। अजय, ईशा गुप्ता के साथ रोमांस भी करते हैं, जो दो बच्चों की मां का किरदार निभा रही हैं। साथ ही मजाक-मस्ती भी चलती रहती है। ट्रेलर का अंत अजय के खुद पर मजाक करने के साथ होता है, जैसे उनकी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में वे दो बाइक चलाते हुए दिखे थे, वैसे ही यहां वे दो डॉल्फिन की सवारी करते हुए दिखते हैं।

## धमाल फ्रैंचाइजी का चौथा भाग..

धमाल फ्रैंचाइजी की शुरुआत 2007 में हुई थी। इस फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म 'डबल धमाल' 2011 में रिलीज हुई थी। यह पहली फिल्म का ही सीक्वल था। इसके बाद मेकर्स ने 2019 में तीसरी फिल्म 'टोटल धमाल' रिलीज़ की, जो फ्रैंचाइजी का एक नया और रीबूट वर्शन था। अब, वे 10 जुलाई को 'धमाल 4' रिलीज करने वाले हैं। सीरीज की पिछली फिल्मों की तरह इस फिल्म को भी इंद्र कुमार ने ही डायरेक्ट किया है।

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## के. के. पी. (कुछ करने वाली पार्टी) एक व्यंग्य..

जबसे हमें काकरोच जनता पार्टी के गठन का या क्रियान्वयन का व्हाट्सपिया संदेश मिला है हमारे कुछ तिकड़म बाज मित्रों ने के .के.पी. अर्थात कुछ करने वाली पार्टी बनाने की पक्की सलाह दे दी है।उनका कहना है अभी कुछ राज्यों में विधान सभा और अपनी लोकसभा के आम चुनाव को काफी समय है क्यों न हम दूसरे लोगों की ,विदेशी सलाहकारों की नकल करके अपने हिसाब से के.के.पी.का गठन करके उसका पंजीयन भी करवा लें? पहले तो हमें इन तिकड़म बाज मित्रों की सलाह पर

बहुत गुस्सा आया ।हमने उन्हें डांटते हुए कहा ÷यार तुम लोग पागल हो गए हो क्या ? और कितनी नई नई राजनैतिक पार्टियां गठित करके लोकतंत्र को बर्बाद करोगे?÷ हमारी डांट सुनकर मित्र बोले ÷भाई साहब ! जब कुछ लोग सोशल मीडिया का लाभ लेकर आन लाइन काकरोच जनता पार्टी बना सकते हैं तो हमें के.के.पी.बनाने से आप क्यों रोक रहे हैं?÷ हमने कहा ÷ रोक नहीं रहे ,टोक रहे हैं ? रोकने और टोकने में वही अंतर है जो टी.एम .सी.और डी.एम.के.में है। एक अपने लोगों को रोक नहीं पा रही है और दूसरी अपने लोगों को टोक नहीं पा रही है।वर्तमान में पार्टी वा रटी का चक्कर छोड़िये अपना भविष्य किस में सुरक्षित है वह देखिये ?÷ मित्र बोले ÷ भविष्य तो सुरक्षित दल बदल करने में ज्यादा सुरक्षित है भाई साहब! सारे अपराध, सारे पाप वाशिंग मशीन की तरह धुल कर साफहो जाते हैं ऊपर से कुछ कमाई भी कर लाते हैं, कई घोषित और अघोषित ठेके हथियाते हैं।कई अफसर हमारे बंगले में नजर आते हैं ।आनंद ही आनंद है भाई साहब! आप तो हमें के.के.पी. बनाने दीजिए न भाई साहब!÷

तो हमें भी ऐसे मित्रों के आग्रह को स्वीकृति देनी पड़ी ।हमने पूछा ÷ यह तो बताओ मित्र ! तुम्हारी के.के.पी.अर्थात कुछ करने वाली पार्टी का चुनाव चिन्ह क्या होगा ?

तो मित्र बोले ÷आप को तो अच्छी तरह यह ज्ञात ही है भाई साहब ! हम से कुछ होता जाता नहीं है,

विरोध करते करते इतने बेशर्म हो गए हैं कि आम को इमली कहने लगे हैं ।सत्य तो स्वीकारते ही नहीं

बात की असलियत जान कर भी हमारी आदत किसी भी कार्य में उंगली उठाने की पड़ गई है इस कारण हमने अपनी के.के.पी.अर्थात कुछ करने वाली पार्टी का चुनाव चिन्ह भी ÷उंगली ÷ ही रखना सुनिश्चित किया है।समस्या कोई भी हो राष्ट्रीय स्तर की या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ।मुद्दा सदन के बाहर उठाने योग्य हो या सदन के भीतर, प्रस्ताव देश के हित में हो या अहित में ।बात आम जनता की हो या किसी व्यक्ति विशेष की हमारी पार्टी के.के.पी.तो बस अपने चुनाव चिन्ह का उपयोग या प्रयोग ही करेगी भाई साहब! इसके अलावा हमको कुछ आता जाता भी नहीं है भाई साहब !आप तो पुराने नेता हैं हमारी पार्टी के चुनाव चिन्ह का लोकतंत्र में क्या महत्व है ? अच्छी तरह जानते हैं इसलिए पार्टी का चुनाव चिन्ह ÷उंगली ÷ ही रखने दीजिए भाई साहब!÷

हमने मजबूरी में स्वीकृति प्रदान की तो मित्र उछल पड़े और कहने लगे ÷अब पार्टी के लिए फंड इकट्ठा करने हेतु आपका पहला चेक कम से कम एक लाख का मिल जाता तो बड़ी कृपा होती।÷

हमने मित्र से कह दिया÷ एक लाख का चेक तो हम नहीं दे पाएंगे , किसी और को ट्राई कीजिए ।÷ मित्र बोले÷ आपको पार्टी का संरक्षक बना रहे हैं भाई साहब ! आपको तो कायदे से पांच लाख का चेक देना चाहिए । आप जैसे आई ए एस ,आई पी एस . कैडर से रिटायर्ड हुए लोग ना नुकुर करेंगे तो हम पार्टी फंड कहां से कैसे जोड़ेंगे ?÷ हमने कहा

÷आजकल पहले जैसी बात नहीं रही, नौकरी भी हमने बहुत रिश्क लेकर की है, ऊपरी कमाई भी बहुत लिमिट में की है।ज्यादा कुछ जोड़ नहीं पाए ! फिर अन्य पार्टियों के लोगों को भी तो श्रद्धानुसार दान देना पड़ता है ठीक है आपके लिए एक लाख दे देते हैं ।÷ मित्र ने खुशी में हाथ मिलाते हुए ,चरण स्पर्श भी साथ साथ कर लिया।तो हमने भी चाय नाश्ता पेश करवाते हुए उनसे पूछा ÷ आपकी के.के.पी.का घोषणा पत्र तो स्पष्ट कीजिए !÷

मित्र बोले सिर्फ और सिर्फ ग्यारह सूत्री घोषणा पत्र रहेगा हमारा भाई साहब ! क्योंकि ज्यादा बड़ा घोषणा पत्र छपवाने में एक तो खर्चा बहुत आता है दूसरा हमारा प्रत्याशी लम्बा चौड़ा घोषणा पत्र पढ़ भी नहीं पाता है।जितना बड़ा घोषणा पत्र उतनी मुसीबत ये करो वो करो , आपने ये कहा था आपने वो नहीं किया ? दुनिया भर की पंचायत होती है भाई साहब हम तो अच्छी तरह जानते हैं आज कल मतदाता चाहता क्या है? मुफ़्त का अनाज, मुफ्त का मॉल, मुफ्त की शराब , बगैर मेहनत की कमाई , समस्त कर्जा माफी भाई साहब हमसे पहले की पार्टियों ने मुफ्त की रेवड़ी बाँट बाँट कर लोगों को आलसी और काम चोर बना दिया है ,निकम्मा बना दिया है इसलिए हमारी के.के.पी.इस संबंध में कुछ कड़े निर्णय लेगी !÷ हमने कहा मित्र ÷ कुटिल नीति यही चली आई ।

मुफ़्त मजदूरी, मुफ्त मलाई।।

ज्यादा कड़े निर्णय लोगे तो जनता भी, मतदाता भी कड़े निर्णय लेकर तुम्हे निपटा देगा।क्यों अपनी जमानत जप्त करवाने की सोच रहे हो?÷ मित्र बोले बात तो आपकी सच्ची है भाई साहब ! आजकल तो सभी ने जन हित में मुफ्त की रेवड़ी खिलाने का धर्म अपना लिया है ।हम ही क्यों सत्यवादी बनें? चलिए आज से के.के.पी. घोषणा करती है कि जो जितने ज्यादा बच्चे पैदा करेगा उसे चुनाव का टिकट देने में विशेष छूट मिलेगा।

जो बच्चा स्कूल पढ़ने जायेगा उसके माता पिता को भी मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

जो आलू पोहा, चाट , समोसा,चाय कचौरी , आदि का स्टाल लगाएगा उसे शासकीय जमीन का पट्टा दिया जाएगा।

जो बैंक का कर्ज समय पर चुकाएगा उसे भविष्य में बड़ा कर्ज नहीं मिल पाएगा।जो कृषि कार्य करेगा वो कृषि सम्मान प्राप्त करेगा ।जो पेट्रोल डीजल वाहन नहीं चलाएगा वह रोड टैक्स नहीं पटाएगा। जो बैल गाड़ियों से रेत बुलवाएगा वह शासन से मुफ्त सीमेंट एक बोरी प्रति गाड़ी पाएगा। जो सौर ऊर्जा प्लांट लगाएगा वो शासन से विशेष उपभोक्ता पुरस्कार पाएगा।जो जितने ज्यादा वृक्ष लगाएगा वह बीमार पड़ने पर मुफ्त चिकित्सा

पायेगा।जो जितना ज्यादा मोबाइल चलाएगा वह उतना ही अतिरिक्त डाटा मुफ्त पायेगा।के.के.पी.का अघोषित घोषणा पत्र सुनकर हमने कहा ÷बस बस बस मित्र बंद करो अपनी ये बकवास।जानते नहीं आजकल चल रहा है सबका साथ सबका विश्वास÷।मित्र बोले÷ जानते हैं भाई साहब , विश्व युद्ध तो विश्वास के कारण ही दो तीन बार हो चुका है पुनः प्रारंभ अब हमारी पार्टी को दुनिया के देशों से मान्यता मिल जाने दीजिए तब तक हम भी करते है अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह का कोई प्रयोग।

**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'**

## तू कमजोर नहीं..

तू कमजोर नहीं,
कामचोर है।
तुझे मन्नत की नहीं,
मेहनत की जरूरत है।
तुझे आराम की नहीं
काम की जरूरत है।
यूँ ही नहीं मिलती मंज़िले,
तोड़नी पड़ती है,
आलस की जंजीरें।
उठ उठकर शुरुआत कर,
बदल दे अपने हालात।

ना कर उनसे बेईमानी,
जिन्होंने सोची है ,
तेरी कामयाबी।
मंजिल चूमेगी तेरे कदम,
जब हौसले होगे तेरे बुलंद।
बढ़ आगे रुकना नहीं,
मुश्किलों से डरना नहीं।
जो मुश्किलों को पर लेता है,
वही जीवन निखार लेता है।

**माधुरी अक्षय बघेले**

## वरिष्ठों के प्रति..

बूढ़े हुए तो क्या हुआ हममें भी जान है।
हम भी तो तुम्हारी तरह एक इन्सान हैं।
हिकारत भरी निगाह से देखो न तुम हमें-
बीता हुआ जो कल था हमीं पहचान हैं।
पानी तुम्हें है मंज़िल हमें देखते चलो
पत्थर हम वो मील के जिस पर निशान हैं।
बूढों के बिना घर की रौनक तो देखिये
कहने को घर कहें, लगे वो श्मशान है।
कल तक रहे जो पौधे आज फूल फल रहे
बूढ़े हम उन सभी के अब भी बागबान हैं।
समझो न छत भले तुम अपने मकान की-
हम तो तुम्हारी खातिर खुला आसमान हैं।
पथ पर भटक न जाओ,जलते हैं इसलिये
वो चराग हम सहे हमने भी कई तूफान हैं।

**शशि तिवारी**

## दिल को मोहब्बत से

दिल को मोहब्बत
से गुलजार कर,
छोटे हों या बड़े
सभी से प्यार कर।

बाँट न जाति धर्म
में इंसां को यहां,
बस मानवता को
ही स्वीकार कर।


मिलने दे गले
एक दूसरे से सबको,
प्यार के इन रिश्तों
में ना दरार कर।

छोड़ दे चाहत दिल
से दौलत का तू,
अपनें सम्बन्धों में
ज़रा एतबार कर।

ऊंच-नीच का भेद
मिटा ले 'उजाला',
फिर हर किसी में
रब का दीदार कर।

**अनिल कसेर 'उजाला'**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 192



ck;I ls nk;I %& 2) 'सरदार सरोवर' यह महत्वाकांक्षी प्रकल्प इस राज्य में है 5) आकाश, गगन 8) एक भूतपूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री 14) लोप 15) अंतःकरण 16) बोलना, बताना 17) दुर्गा, स्त्री 18) मनमुटाव, दुष्मनी, वैमनस्य 20) हमारे देश के एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 21) जवाहिर या रत्न का छोटा टुकड़ा, 'पर्व' का अपभ्रंश रुप 22) परम उदार व्यक्ति 24) यज्ञ की अग्नि, जगने का भाव या क्रिया 25) समग्र, कुल, समूचा 26) सुगंधित फूलो का एक वृक्ष 27) घास की एक प्रसिद्ध सुगंधित जड़ 28) किसी मंत्र या देवता के नाम का बार बार उच्चारण 29) पुरुष 31) हस्तांदोलन करना 33) ताकत 34) समस्त 35) मजदूरों की लम्बी हड़ताल आदि के कारण कारखाने के मालिकद्वारा कारखाने पर ताला लगाने की क्रिया 37) काला को उल्टा लिखिए 39) बारह राशियों मे दसवी राशि 40) एक प्रकार का चर्म रोग 41) 'बाण' का अपभ्रंश रुप 43) एक शिकारी पक्षी 44) हत्या करने पर उतारु होना इस अर्थ एक मुहावरा 48) आश्रय 49) 'राल' शब्द को उल्टा लिखिए 50) पान के साथ खायी जानेवाली सुगंधित सुरती 52) बलपूर्वक 53) सिर, मस्तक 54) जिसके करने में रुकावट या बाधा हो 56) एक पुराना तौल या बांट 59) अनाथ 62) किसी लचीली चीज को हिलाने से उसके बीच के हिस्से का थोड़ा झुकना या हिलना डुलना 64) एक राक्षस जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था 66) पत्थर या लकड़ी पर खुदाई करना 67) हिन्दुओं का एक महीना 69) दूल्हा, बर का पेड़, श्रेष्ठ 70) शब्द, ध्वनि 71) बुरी आदत 72) एक आंख से देखनेवाला 73) फुलों की माला 74) एक उड़नेवाला जन्तु जिसकी आकृति चुहे के समान होती है 78) मादा कौवा, एक पेय 79) सुमन 80) बरसाती हवा (अं.) 82) सिंह 83) 'सगा' का संक्षिप्त रुप, कुत्ता 84) मन में होनेवाला दुःख, रंज 85) धान के भीतर से निकला हुआ अन्न 86) ऊपर से नीचे आना, उद्धरण 88) फासे की बिन्दीयों की गणना के आधार भविष्य कथन या विद्या 89) किसी को छलने की युक्ति, धूर्तता 90) जंगल में लगनेवाली आग 93) महाराष्ट्र में पाया जानेवाला एक उत्कृष्ट किस्म का आम 95) ऐसा आचरण या व्यवहार करना जो दूसरों को दिखाने या धोखे में रखने के उद्देश्य से किया जाए 97) रशिया स्थित वह स्थान जहां भूतपूर्व प्रधान मंत्री लालबहादूर शास्त्रीजी का निधन हुआ था 100) वकिलोंद्वारा गवाहों से कि जानेवाली पूछताछ 101) किसी भाषा के क्रम से अक्षरों का समूह 102) कौरवों की संख्या 103) कदर करनेवाला 104) अस्वीकृति, नहीं कहना

Åij ls uhps %& 1) दिल बहलाव 2) पुष्पवाटिका 3) 'महाभारत' का पूर्व नाम, जीत 4) शिष्टाचार 6) पुत्र या कन्या का ससुर 7) परिणाम, तौल, सम्मान 8) माार्गदर्शक (उर्दू) 9) निषेध 10) जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो 11) 'समाना' का भूतकाल रुप 12) प्रश्न 13) किसी के द्वारा कोई चाल चलने पर उसे मात करने के लिए की गई चाल इस अर्थ का एक मुहावरा 16) बनाना, निबटाना 19) यकृत 20) आनंदमय क्रीड़ा, घोड़े या बैल आदि को चलाने की रस्सी 21) हजम होना 22) हस्तक्षेप 23) सूर्य 26) कलाकृती करनेवाला 30) कलाबाजी दिखानेवाला 32) मेल 33) फिजूल की बातें करना 34) कोई काम करने योग्य होना 36) ऊसर, वह भूमि जिसमें अन्न उत्पन्न नहीं होता 38) कला, कारीगर 39) महाशय 40) धान्य का कण 41) किसी विपत्ती में पड़ते पड़ते बच जाना इस अर्थ एक मुहावरा 42) राजा, नृपति 45) अनुमति 46) सुन्दर 47) समूचा, समस्त 48) लेकिन 51) पैसा, मूल्य 53) बराबर 55) इच्छा करनेवाला 57) पति की बहन 58) वेगपूर्वक चलनेवाली हवा का लगनेवाला झटका 60) मुर्गी की जाति का एक पक्षी 61) प्राणी 63) पारा 65) संधि या समझौता करना 66) एक शीतल पेय उत्पादन 67) उपकरण, कार्य आदि संपादित करने की क्रिया 68) नया 73) गतिविध, समाचार 75) जिसका कुछ या अधिक महत्व हो 76) भयावह, भयानक 77) कम्प्युटर 78) नाजुकपन 80) अधिक संपत्तीवाला 81) शरीर के किसी अंग के फूलने का भाव 83) किसी ओर हटना, खिसकना 87) नदी या समुद्र का किनारा 89) सोते समय ओढ़ा जानेवाला वस्त्र 91) यान 92) फौज, मध्य प्रदेश के ग्वालियर का एक उपनगर 93) पास बुलाने की क्रिया या भाव 94) 'सम' का स्त्रीलिंग रुप 96) किरण 98) सन्देह 99) गुद्देदार जड़ 100) जैनों के तीर्थंकर

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691



जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# देश में ऊर्जा की कमी नहीं, एलपीजी-तेल आपूर्ति की स्थिति 'संतोषजनक' : पुरी..



चंडीगढ़/ लुधियाना, (भाषा)।

***पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और कच्चे तेल, एलपीजी एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति स्थिति 'काफी संतोषजनक' है।***

पुरी ने लुधियाना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जहां कई देशों में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, वहीं भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच दरों में 3.1 प्रतिशत की गिरावट आई है।

उन्होंने कहा कि ईरान संकट के कारण दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। मई 2022 से मई 2026 के दौरान विभिन्न देशों में ईंधन की कीमतों के आंकड़े साझा करते हुए पुरी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 70 प्रतिशत, श्रीलंका में 66 प्रतिशत, फ्रांस में 47 प्रतिशत, इटली में 46 प्रतिशत, बांग्लादेश में 36 प्रतिशत और अमेरिका में 35 प्रतिशत बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, ÷इसके उलट भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच कीमतें 3.1 प्रतिशत कम हो गई। एक तरफ जहां दुनिया में कीमतें 70-80 प्रतिशत तक बढ़ीं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां कीमतों में 3.1 प्रतिशत की कटौती की।÷

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नवंबर 2021, मई 2022 और अब हाल ही में, तीन बार केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती किए जाने के बाद ईंधन की कीमतों में गिरावट आई है। पुरी ने कहा, ÷कुछ सप्ताह पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी।÷ उन्होंने कहा कि इस कटौती से सरकारी बजट पर एक लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा।

उन्होंने कहा कि जापान के अलावा भारत में ईंधन कीमतों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। भारत में ईंधन कीमतों में 7.6 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि डीजल की बिक्री को प्रति दिन 200 लीटर तक सीमित करना कालाबाजारी को रोकने के लिए किया गया है। पुरी ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति 'काफी संतोषजनक' है।

उन्होंने कहा, ÷हमारे पास 60 दिनों से अधिक का कच्चे तेल का भंडार है और प्राकृतिक गैस का भी 60 दिनों से ज्यादा का स्टॉक उपलब्ध है।÷ इसके अलावा रसोई गैस (एलपीजी) की स्थिति भी पूरी तरह सामान्य है। देश में एलपीजी का अधिकतम भंडार 75 से 80 दिनों का है।

# अंतरिक्ष से लेकर न्यूरोटेक्नोलॉजी तक फैला है एलन मस्क का कारोबारी साम्राज्य



न्यूयॉर्क, (एपी)।

***दुनिया में एक लाख करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले पहले 'ट्रिलियनेयर' एलन मस्क का कारोबारी साम्राज्य कई क्षेत्रों में फैला हुआ है, जिसमें अंतरिक्ष, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), कृत्रिम मेधा (एआई),***

न्यूरोटेक्नोलॉजी और अवसंरचना शामिल हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स मस्क कई कंपनियों में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या प्रमुख हिस्सेदार हैं और समय के साथ उनकी कई इकाइयां एक-दूसरे से जुड़ती भी गई हैं।

शुक्रवार को मस्क की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं रॉकेट विनिर्माता स्पेसएक्स के अमेरिकी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के साथ ही वह एक लाख करोड़ (ट्रिलियन) डॉलर की संपत्ति वाले पहले व्यक्ति बन गए।

मस्क द्वारा वर्ष 2002 में स्थापित स्पेसएक्स अब केवल रॉकेट निर्माण कंपनी नहीं रह गई है। इसके तहत उपग्रह संचार सेवा स्टारलिंक संचालित होती है, जिसने पिछले वर्ष 4.4 अरब डॉलर का परिचालन लाभ दर्ज किया था।

स्पेसएक्स के साथ सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) और एआई क्षेत्र की एक्सएआई भी जुड़ी हुई हैं। हालांकि दोनों ही कंपनियां फिलहाल घाटे में चल रही हैं और एक्सएआई ने पिछले वर्ष 6.4 अरब डॉलर का परिचालन घाटा दर्ज किया।

इसके बावजूद स्पेसएक्स ने हाल ही में वॉल स्ट्रीट पर सूचीबद्ध होकर लगभग 2.1 लाख करोड़ डॉलर के बाजार मूल्य के साथ इतिहास का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दर्ज किया।

हालांकि, कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह मूल्यांकन कंपनी की वास्तविक क्षमता से अधिक हो सकता है, क्योंकि इसके कई लक्ष्य अभी तकनीकी रूप से साबित नहीं हुए हैं और इनको पूरा करने के लिए भारी निवेश की जरूरत होगी।

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला में मस्क 2008 से ही सीईओ पद संभाल रहे हैं। कंपनी को हाल के वर्षों में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है और उसने दुनिया की सबसे बड़ी ईवी निर्माता कंपनी का दर्जा भी चीन की बीवाईडी के हाथों गंवा दिया है।

इसके अलावा, मस्क की राजनीतिक गतिविधियों के चलते कुछ बाजारों में बहिष्कार का असर भी टेस्ला की बिक्री पर पड़ा। हालांकि, बाद में इसमें आंशिक सुधार हुआ है।

मस्क का कहना है कि टेस्ला का भविष्य पारंपरिक कार बिक्री से आगे बढ़कर स्वचालित टैक्सी सेवाओं और रोबोटिक्स में होने वाला है। कंपनी सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी सक्रिय है, जहां उसने सोलरसिटी के अधिग्रहण के बाद अपनी उपस्थिति मजबूत की है। टेस्ला का मौजूदा बाजार पूंजीकरण लगभग 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आसपास है।

वर्ष 2016 में स्थापित न्यूरालिंक कंपनी मानव मस्तिष्क और कंप्यूटर के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने की तकनीक पर काम कर रही है। कंपनी रीढ़ की हड्डी की चोट, एएलएस और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों पर क्लीनिकल परीक्षण कर रही है। इस वर्ष जनवरी तक दुनिया भर में इसके 21 प्रतिभागी परीक्षण में शामिल थे।

मस्क की एक अन्य इकाई 'द बोरिंग कंपनी' भूमिगत सुरंगों और परिवहन प्रणाली के विकास पर काम कर रही है। लास वेगास में 'वेगास लूप' जैसी परियोजनाएं इसी का हिस्सा हैं, जहां टेस्ला वाहनों के जरिए भूमिगत परिवहन सुविधा विकसित की जा रही है।

इस कंपनी ने दुबई और नैशविल जैसे शहरों में भी विस्तार की योजना बनाई है। हालांकि, इसे सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी मानकों को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

मस्क ने अपने कारोबारी सफर की शुरुआत जिप2 और पेपाल जैसे उद्यमों से की थी। उन्होंने इन कंपनियों की बिक्री से मिले लगभग 20 करोड़ डॉलर की पूंजी का इस्तेमाल बाद में स्पेसएक्स की स्थापना और टेस्ला में निवेश के लिए किया था।

# एंथ्रोपिक ने 'फेबल 5' और 'मिथोस 5' मॉडल की वैश्विक पहुंच पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई




नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिकी सरकार के निर्यात नियंत्रण संबंधी निर्देश के बाद कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने उन्नत एआई मॉडल 'फेबल 5' और 'मिथोस 5' की वैश्विक पहुंच पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी रोक लगा दी है।***

अमेरिका स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह निर्देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। इस तरह अमेरिका के भीतर या बाहर के किसी भी विदेशी नागरिक को इन एआई मॉडलों तक पहुंच देने पर रोक लगा दी गई है।

एंथ्रोपिक ने कहा, ÷इस आदेश का समग्र प्रभाव यह है कि अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने सभी ग्राहकों के लिए फेबल 5 और मिथोस 5 मॉडलों को तुरंत निष्क्रिय करना पड़ा है। हालांकि, कंपनी के अन्य मॉडलों की उपलब्धता पर इसका असर नहीं पड़ेगा।÷

इस फैसले से भारत में मौजूद उपयोगकर्ताओं और उद्यमों पर असर पड़ने की आशंका है, क्योंकि भारत एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कंपनी ने हाल ही में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ 50,000 कर्मचारियों को अपने मॉडल उपलब्ध कराने का समझौता किया था, जबकि इन्फोसिस ने भी उन्नत उद्यम एआई समाधान के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। सूत्रों का कहना है कि हाल में भारत की कुछ सरकारी एजेंसियों और निजी कंपनियों को भी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' नामक साइबर सुरक्षा पहल के तहत 'मिथोस' मॉडल तक पहुंच दी गई थी।

'फेबल 5' मॉडल को कोड विश्लेषण, सॉफ्टवेयर खामियों की पहचान और उन्हें ठीक करने जैसी क्षमताओं के लिए विकसित किया गया है। इसका उपयोग साइबर सुरक्षा और उद्यम समाधान में किया जाता है।

वहीं, 'मिथोस 5' मॉडल जटिल सिस्टम का विश्लेषण करने और संभावित कमजोरियों का आकलन करने में सक्षम है। इसकी क्षमताओं को देखते हुए इसे सीमित और नियंत्रित उपयोग के लिए ही उपलब्ध कराया गया था। एंथ्रोपिक ने कहा कि उसे 12 जून को अमेरिकी सरकार से यह निर्देश मिला था। हालांकि, इस पत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का विस्तृत विवरण नहीं दिया गया। कंपनी के मुताबिक, सरकार का मानना है कि फेबल 5 मॉडल की सुरक्षा को दरकिनार करने के एक तरीके का पता चल गया है। इसके साथ ही एंथ्रोपिक ने इस आकलन से असहमति जताते हुए कहा कि संबंधित तकनीक सीमित एवं गैर-सार्वभौमिक है और इसी तरह की क्षमताएं अन्य एआई मॉडलों में भी उपलब्ध हैं। कंपनी ने अमेरिकी सरकार के इस कदम को 'गलतफहमी' करार देते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द सेवाएं बहाल करने के लिए प्रयासरत है। उसने अपने ग्राहकों से इस गतिरोध के लिए खेद भी जताया।

# अल्पकालिक प्रशिक्षण नहीं कर पा रहा नौकरी के लिए तैयार, मिश्रित मॉडल अधिक प्रभावी: रिपोर्ट..

मुंबई, (भाषा)।

***भारत में कौशल विकास कार्यक्रमों को लेकर कंपनियों की सोच बदल रही है। अधिकांश नियोक्ताओं का मानना है कि सिर्फ कक्षा में प्रशिक्षण देकर युवाओं को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जा सकता है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है।***

टीमलीज एडटेक की कौशल एवं रोजगार पर आधारित एक रिपोर्ट के मुताबिक, 95 प्रतिशत से अधिक कंपनियों का मानना है कि केवल कक्षाओं के जरिए प्रशिक्षण देने से युवाओं को रोजगार के लिए तैयार नहीं किया जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 62 प्रतिशत कंपनियां अब भी अल्पकालिक कक्षा-आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश कर रही हैं, लेकिन लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि प्रशिक्षण और कार्यस्थल अनुभव को जोड़ने वाले मिश्रित शिक्षण मॉडल बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में अधिक प्रभावी हैं। रिपोर्ट कहती है कि भारत की रोजगार क्षमता संबंधी चुनौती अब केवल कौशल तक पहुंच की नहीं, बल्कि कौशल को श्रम बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाए रखने की है।

करीब 53 प्रतिशत कंपनियों ने माना कि बाजार की जरूरतों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बीच तालमेल न होना रोजगार की राह में सबसे बड़ी बाधा है। वहीं, 39 प्रतिशत ने व्यावहारिक अनुभव की कमी को एक बड़ी चुनौती बताया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलाव, स्वचालन और बदलती नौकरी भूमिकाओं के दौर में कंपनियां अब इस बात पर अधिक जोर दे रही हैं कि लोग अपने पूरे करियर में रोजगार के लायक बने रहें। इसके लिए लगातार सीखने, नई प्रौद्योगिकियों के अनुरूप ढालने और नए कौशल हासिल करने की जरूरत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 81 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के तहत दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव को प्राथमिकता देती हैं। लगभग 85 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि कार्यस्थल से जुड़े और मिश्रित शिक्षण मॉडल केवल कक्षा-आधारित प्रशिक्षण से बेहतर सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों की 860 कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण में शामिल करीब 70 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम परिवारों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। टीमलीज एडटेक के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु रूज ने कहा, ÷भारत की कौशल विकास चुनौती अब कौशल तक पहुंच से आगे बढ़कर रोजगार क्षमता की हो गई है। बदलती अर्थव्यवस्था में लोगों को केवल प्रशिक्षण प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि लगातार सीखने और नई परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत है।÷

# सरकार आर्थिक संकट से निपटने के बजाय झूठ का सहारा ले रही: यशवंत सिन्हा..



मुंबई, (भाषा)।

***पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर देश के समक्ष मौजूद आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने के बजाय झूठ और प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाया।***

सिन्हा ने मुंबई स्थित महाराष्ट्र कांग्रेस मुख्यालय में अर्थव्यवस्था पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था से जुड़े आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि देश की मौजूदा आर्थिक समस्याएं ईरान-इजराइल संघर्ष जैसी बाहरी घटनाओं की नहीं, बल्कि पिछले 10-12 वर्षों की नीतियों की देन हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि दर को लेकर उठ रहे सवालों की अनदेखी की जा रही है क्योंकि प्रचार के शोर में सच्चाई दबती जा रही है। सिन्हा ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत के राष्ट्रीय आय आंकड़ों की गणना पद्धति में लगातार खामियों की तरफ ध्यान दिलाया है और इस मुद्दे पर व्यापक सार्वजनिक चर्चा की जरूरत है।

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की पूंजी निर्माण दर जीडीपी के 32-33 प्रतिशत के आसपास ही स्थिर रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा पेश 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के आंकड़े 'गलत' हैं।

उन्होंने कहा, ÷मोदी को जाना चाहिए, जितना जल्द हो सके उतना ही बेहतर है।÷

पूर्व भाजपा नेता ने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की आलोचना करते हुए कहा कि इसकी समयसीमा इतनी दूर रखी गई है कि इसके पूरा होने पर जवाब मांगने के लिए 'न हम रहेंगे और न वे रहेंगे।'

सिन्हा ने 2016 में की गई नोटबंदी की भी आलोचना करते हुए कहा कि उसके घोषित उद्देश्यों में से कोई भी पूरा नहीं हुआ और इसके बाद देश की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक चुनौतियां पिछले एक दशक में गहराए संकट का परिणाम हैं। साथ ही, अल नीनो के प्रभाव और उर्वरकों की संभावित कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की परेशानियां बढ़ने की आशंका भी जताई।

# भारत खाद्य उत्पादन में हासिल कर चुका है आत्मनिर्भरता: सीटीसीआरआई निदेशक



तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।

***उष्णकटिबंधीय कंद वाली फसलों पर शोध करने वाली संस्था सीटीसीआरआई के प्रमुख डॉ. जी. बैजू ने शनिवार को कहा कि भारत ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है और कृषि के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के तौर पर उभरा है।***

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-उष्णकटिबंधीय कंद फसल शोध संस्थान (सीटीसीआरआई) के निदेशक डॉ. बैजू ने एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 के दशक में देश खाद्य आयात पर निर्भर था, लेकिन बाद में उसने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, बैजू ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण प्रेरक शक्तियों में से एक बनी हुई है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 16.3 प्रतिशत का योगदान देती है।

उन्होंने भारतीय कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि खेती के रकबे में मामूली वृद्धि के बावजूद, अनाज का उत्पादन, जो वर्ष 1950-51 में 5.08 करोड़ टन था, वह वर्ष 2025-26 में बढ़कर 37.65 करोड़ टन हो गया है। इसके अलावा बागवानी उत्पादन भी 37 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गया है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के प्रमुख कृषि निर्यातक देशों में से एक के रूप में उभरा है, जिसमें कृषि निर्यात वर्ष 2001 में 55,000 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 4.3 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

बैजू ने कहा, ''1.05 लाख करोड़ रुपये के चावल निर्यात के साथ, भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक बन गया है।'' उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र ने पिछले सात वर्षों में 4.4 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर कायम रखी है। बार-बार खराब मौसम की स्थिति होने के बावजूद अनाज उत्पादन में लगातार वृद्धि करके जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत की मजबूती को दर्शाता है।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कार्य पर ग्राम पंचायत मुर्री की पंचायत टीम ने जताई नाराजगी

### सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को खूब सुनाई खरीखोटी..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुर्री मे सरपंच सचिव द्वारा सीमेंट सड़क का घटिया निर्माण कार्य करवाए जाने पर उपसरपंच सहित ग्राम पंचायत के सभी पंचो ने लामबंद होकर पहले तो***








उक्त निर्माण कार्य का एक साथ निरीक्षण कर सूक्ष्मता से अवलोकन किया। जिसमें उनके द्वारा **20mm** गिट्टी का कम मात्रा मे उपयोग कर रेत का अधिक उपयोग किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सरपंच महेश बाहे, सचिव ओमकार कुथे एवं ग्राम रोजगार सहायक पर मनमानी एवं मनमर्जी बरतते हुए कार्य करने का आरोप पंचों द्वारा लगाया गया है। पंचों ने सरपंच सचिव के सामने ही पंचों को जानकारी दिए बिना कार्य प्रारंभ कर दिए जाने, **40mm** गिट्टी का बेस वर्क मे **6mm** तक बिछाये जाने से **20mm** गिट्टी मसाला **2 mm** ही बिछाए जाने तथा रेत का अधिक उपयोग करने का आरोप लगाते हुए मजबूत सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण नहीं हो पाने की आशंका जताई है। ग्राम पंचायत मुर्री के पंचों ने बताया कि गांधी चौंक से कब्रस्तान तक 25 लाख रूपयों की लागत से 670 मीटर सड़क का निर्माण कार्य विधायक राजकुमार कर्राहे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशिष्ठ निधि से ग्राम पंचायत के माध्यम से करवाया जा रहा है। और इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की जानकारी पंचों को नहीं दिए जाने पर तथा कार्य प्रारंभ होने के तीन दिन बीत जाने बाद जानकारी लगने पर उपसरपंच सहित समस्त नाराज पंचो ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा पंचायत भवन में आकर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को खूब खरी खोटी सुनाई। और बताया कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन बैलगाड़ी और ट्रैक्टरों से किसान अपने खेतों तक आना जाना करते हैं जिसको दृष्टिगत रखते हुए सीमेंट कांक्रीट सड़क का मजबूत और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य किया जाना चाहिए। क्यूंकि सड़क एक बार ही बनेगी। ऐसा नहीं होना चाहिए कि कुछ दिन में ही सड़क ख़राब हो जाये और गांव के लोगों को आगे परेशानियां उठानी पड़े। सड़क का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए।

### बोले उपसरपंच सहारुलाल पांचे,

'गांव के सरपंच सचिव द्वारा पंचो को सूचना दिए बिना ही सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। तीन दिन बाद पंचों को जानकारी लगी तो सब ने कार्यस्थल पर जाकर देखे। कार्य मे अनियमितता दिखाई देने से सभी लोग नाराज हो गये। और पंचायत भवन में आकर सरपंच सचिव को फटकार लगाई गई।'

### बोले सरपंच महेश बाहे..

'ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कार्य करने के दौरान एक स्थान पर रेत की मात्रा अधिक हो गई है। उसको हटाकर फिर से सुधार करवाया जाएगा। कार्य की जानकारी सभी लोगों को हैं सभी पंचो के साथ मिल जुलकर उनकी मंशानूरूप कार्य करवाया जाएगा।'

# कभी नक्सलियों का गढ़ रहा वनांचल, खेल कूद और शिक्षा के साथ लिख रहा विकास की गाथा..

### कल सतीझोड़ी मैदान में होगा क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन..





जगप्रेरणा लांजी।

***नक्सल प्रभावित रहे पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों में अब विकास, खेल और शिक्षा की नई बयार बह रही है। इसी कड़ी में अमर शहीद आशीष शर्मा की स्मृति में 'नक्सल मुक्त भारत क्रिकेट टूर्नामेंट' का***

आयोजन एकल सुविधा केंद्र टेमनी एवं हॉक फोर्स, बालाघाट पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। बतादे कि प्रतियोगिता में देवरबेली क्षेत्र के सभी वनांचल ग्रामो के लगभग 32 टीमो ने भाग लिया है 10 जून से प्रारंभ इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 15 जून 2026 को सतीझोड़ी पहाड़ी मैदान में खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में उन ग्रामो के युवा प्रतिभागिता कर रहे है जहां कभी गोलियो की आवाजें गुंजती थी आज खेल भावना का उत्साह देखा जा रहा है। बालाघाट जिले में लगभग 35 वर्षो तक चली नक्सल समस्या के समापन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा नक्सल मुक्त गांवों के जनजातीय परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से स्थापित एकल सुविधा केंद्रों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र मे सर्वाधिक लोकप्रिय खेल क्रिकेट है जिसे देखते हुये वनांचल क्षेत्रो के युवाओं के लिये उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में बैगा जनजाति बाहुल्य 32 गांवों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे युवा पूरे जोश और खेल भावना के साथ मैदान में अपना हुनर दिखा रहे हैं। खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि एकल सुविधा केंद्र 'विद्यांजलि' के माध्यम से टेमनी माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के लिए वॉलीबॉल मैदान भी तैयार किया गया है। इस मैदान का उद्घाटन लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे एवं बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की उपस्थिति में किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से फाइनल मुकाबले में शामिल होकर खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। साथ ही जनजातीय परिवारों के साथ सहभागिता कर सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता का संदेश देने का आग्रह किया गया है। आयोजकों का मानना है कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना से जोडऩे का सशक्त साधन है। नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

# जनकल्याण शिविरों में किसानों को आधुनिक खेती, डीएसआर और प्राकृतिक कृषि की दी गई जानकारी..

### जिले भर में आयोजित शिविरों में कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत तकनीकों से किया जागरूक..









जगप्रेरणा किरनापुर।

***मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित जनकल्याण शिविरों में कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक***

कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती एवं खरीफ फसल प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा शिविरों में किसानों को उन्नत एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

बालाघाट विकासखंड के ग्राम सालेटेका स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को 17 प्रतिशत नमक घोल से धान बीज उपचार, बीजोपचार की वैज्ञानिक विधि, नरवाई प्रबंधन, डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर), प्राकृतिक खेती, हरी खाद तथा धान एवं अरहर फसल प्रदर्शनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। किरनापुर विकासखंड के ग्राम पाला में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक एवं जैविक खेती, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर), हरी खाद के उपयोग, सरकारी प्रमाणित बीजों के महत्व, बीज उपचार की आवश्यकता एवं उसके लाभ तथा नरवाई प्रबंधन के संबंध में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इसके अलावा ग्राम नेवरगांवकला में डॉ. उत्तम बिसेन एवं पंचायत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आईआरआरआई (इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट) के सहयोग से संचालित 'मध्यप्रदेश के लिए जलवायु-अनुकूल एवं पोषण-संवर्धित उच्च उपज देने वाली किस्मों के विकास' कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को उन्नत किस्मों के बीज वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप अधिक उत्पादन देने वाली फसल किस्मों से जोड़ना है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन के दौरान जिलेभर में जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकें और खेती को अधिक लाभकारी बना सकें। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक खेती एवं प्रमाणित बीजों के उपयोग को अपनाने का आह्वान किया।

# फुटपाथ पर बैठकर रोज़ी रोटी कमाने वालों से खुली लुट, बिना रशीद के वसूल रहे ज्यादा शुल्क





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी को वर्षो से धर्मनगरी और महादेव की नगरी के नाम से जाना जाता रहा है। धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान रखने वाली इस नगरी से सदैव नैतिकता, न्याय और जनकल्याण की अपेक्षा***

की जाती है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले कुछ वर्षों में यहां एक के बाद एक ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिन्होंने धर्मनगरी की इस छवि काफी हद तक प्रभावित किया है। अब अगर गरीबों की मेहनत की कमाई पर ही चोट पहुंचने लगे, तो यह केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक चिंता का भी विषय है। अब इसी कड़ी में एक और गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें आरोप है कि नगर के दैनिक बाजार में दो वक्त की रोटी कमाने के लिए सड़क किनारे बैठने वाले गरीब फुटकर व्यापारी भी कथित रूप से अवैध वसूली का शिकार हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बस स्टैंड, सुभाष चौक, सालेटेकरी मार्ग, आमगांव मार्ग, बालाघाट रोड सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर अस्थायी रूप से व्यापार करने वाले फुटकर व्यापारियों से बाजार ठेकेदार द्वारा निर्धारित शुल्क से कहीं अधिक राशि वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि जहां नियमानुसार 30 से 35 रुपये तक शुल्क लिया जाना चाहिए, वहीं कई व्यापारियों से 60 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इतना ही नहीं, वसूली के बाद अधिकांश मामलों में रसीद तक नहीं दी जा रही, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

### निर्धारित शुल्क से कहीं अधिक राशि की हो रही वसूली..

नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर कई फुटकर व्यापारियों का दर्द छलक उठा। उनका कहना है कि वे किसी बड़े व्यवसाय से जुड़े लोग नहीं हैं, बल्कि रोज कमाने और रोज खाने वाले गरीब परिवारों के सदस्य हैं। यदि निर्धारित शुल्क से 5 या 10 रुपये अधिक भी लिए जाएं तो वे बिना किसी विवाद के देने को तैयार हैं, लेकिन दोगुनी राशि वसूलना और विरोध करने पर व्यापार प्रभावित होने का डर दिखाना सरासर अन्याय है। व्यापारियों का कहना है कि यदि इसी तरह वसूली होती रही तो उनके लिए परिवार का पालन-पोषण करना और कठिन हो जाएगा। वहीं व्यापारियों ने यह भी बताया की अगर वे विरोध करते है तो ठेकेदार द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों को भेजकर दुकान हटाने के लिये भेज दिया जाता है जिससे इस करतूत में नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता।

### नगर परिषद की आय में इनका भी योगदान..

गौरतलब है कि यही फुटकर व्यापारी नगर परिषद के राजस्व संग्रहण की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सड़क किनारे बैठकर सब्जी, फल, घरेलू सामग्री और अन्य छोटे-मोटे सामान बेचने वाले इन व्यापारियों से प्राप्त शुल्क नगर परिषद की आय में योगदान देता है।

वहीं बाजार ठेकेदार भी अपने ठेके से जुड़े खर्चों और संभावित नुकसान की भरपाई इसी वसूली व्यवस्था से करता है। लेकिन यदि राजस्व संग्रहण के नाम पर गरीब व्यापारियों से कथित रूप से मनमानी राशि वसूली जाए तो यह व्यवस्था जनहित के बजाय शोषण का माध्यम बनती नजर आती है। व्यापारियों ने कहा प्रतिवर्ष दैनिक बाजार का ठेका आसानी से मिलने और निगरानी तंत्र की कमजोरी के कारण कुछ ठेकेदारों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। यही कारण है कि नगर में शासकीय नियमों को दरकिनार कर अतिरिक्त वसूली जैसे आरोप बार-बार सामने आ रहे है जिससे नगर परिषद की कार्यशैली की पारदर्शिता पर भी सवाल उठना लाज़मी है।

### बोले सीएमओ मयूर वाहने..

मुझे भी पिछले कुछ समय से मौखिक रूप से अधिक वसूली की लगातार शिकायते मिल रही है। किसी भी व्यापारी को अगर ठेकेदार और उनके कर्मचारियों द्वारा बाजार शुल्क की रसीद नहीं जा रही है और अधिक वसूली की जा रही है तो वे निडर होकर मेरे कार्यालय में आकर शिकायत करें, हमारे द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# ग्राम पंचायत किरनापुर में जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन..

### जनकल्याणकारी शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए गए हितलाभ..



किरनापुर-मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे

जनकल्याणकारी शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत किरनापुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत किरनापुर में शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह उपस्थित रहे। साथ में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष हितग्राही मौजूद रहे।

### योजनाओं की जानकारी और जनसुनवाई..

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया भी की गई। प्रशासन द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं केक्रियान्वयन में सक्रियता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

### आगामी गतिविधियों की जानकारी..

**हितलाभ का वितरण.** कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राणा द्वारा विभित्र योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। एक बगिया मां के नाम योजना का लाभ। ग्राम पंचायत सहित अन्य हितग्राहियों को लाभ। महिलाओं को सहायता लखपति दीदी योजना के अंतर्गत लाभार्थी लाड़ली लक्ष्मी योजना के 6 हितग्राही पेंशन योजना का लाभ के आवेदन पत्र जमा किया गया।

शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना और जनसेवा को अधिक सशक्त बनाना है।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक आशा कार्यकर्ता, ग्रामीणों इस कार्यक्रम में कृषि विभाग जनपद पंचायत के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी पशु चिकित्सा विभाग महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, सरपंच श्रीमती धर्मकला जी एवं उपसरपंच श्रीमती रोशनी उपाध्याय एवं पंचगणों की व समन्वय अधिकारी टी सी पुसाम व जनपद पंचायत के बड़े बाबू बी आर सोनेकर की उपस्थिति रही।

# कभी अभावों में रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाला गांव का बेटा बना सहायक प्राध्यापक..

### असफलताओं से घबराए नहीं आगे बड़े, प्रो.मधुप्रसाद..



जगप्रेरणा लांजी।

***कठिनाइयां चाहे कितनी भी बड़ी क्यूं ना हो संघर्ष से इसे सफलता में बदला जा सकता है। बात जब भी लांजी क्षेत्र की आती है तो प्राय: सभी परीक्षाओं में प्रतिभागियों ने***

सीमित संसाधन में अपना परचम लहराकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है, कुछ ऐसा ही छोटे से गांव चुरली से निकलकर मदनलाल कबीरे और निशीता कबीरे के लाल मधुप्रसाद कबीरे ने कर दिखाया है। मधुप्रसाद ने कक्षा 5वीं तक की पढ़ाई वीरांगना अवंतीबाई स्कूल चुरली, 8वीं तक की पढ़ाई शामावि सिहारी, 10वीं तक की पढ़ाई हाईस्कूल बोलेगांव, 12वीं तक की पढ़ाई उमावि मोहझरी से की। आगे एमए तक की पढ़ाई आरआर टिकेश्वर के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय लांजी से हुई। मधुप्रसाद की इस सफलता ने समाज, क्षेत्र और गांव को गौरन्वित किया है।

भूगोल विषय से एमए करने के बाद मधु ने दूसरे ही प्रयास में नेट जेआरएफकी परीक्षा पास कर पीएचडी करने देवी अहिल्या विश्वविद्याल इंदौर चले गए। यहीं रहते मधुप्रसाद ने दूसरे ही प्रयास में एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली और अब सहायक प्राध्यापक (भूगोल) के लिए चयन हो गया है।

साधारण परिवार में जन्में मधुप्रसाद के पिता किसान हैं और मजदूरी करते हैं। मेहनतशील मधुप्रसाद चुरली से लांजी कॉलेज कभी साइकिल से आता था। कभी पैसों की किल्लत से भी जूझना पड़ता था फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी, और लगातार मेहनत करते रहा और आखिरकार सफलता मिल ही गई।

मधुप्रसाद ने सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार के सभी सदस्य, गुरुजन एवं मित्रगणों को देते हुए कहा कि सफलता के लिए निरंतरता बेहद जरूरी है। कई बार असफलताएं भी आती है पर असफलताओं से हमें सीखकर आगे बढ़ना चाहिए।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### हर घर जल के दावे खोखले, बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

# पूरे ग्रीष्मकाल में जल संकट से जूझता रहा ग्राम पंचायत पोंडी, नल जल योजना बनी शोपीस

**हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***शासन की महत्वाकांक्षी ÷हर घर जल÷ योजना जहां ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंडी में यह योजना ग्रामीणों के लिए केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।***







लाखों रुपये की लागत से स्थापित नल जल योजना के बावजूद ग्रामीणों को पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान भीषण जल संकट का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे हैं कि गांव के अधिकांश घरों में नल कनेक्शन तो लगे हैं, लेकिन उनमें पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंच रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के पूरे मौसम में उन्हें हैंडपंपों और अन्य सीमित जल स्रोतों पर निर्भर रहकर किसी तरह अपनी प्यास बुझानी पड़ी। गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप भी कुछ समय चलने के बाद पानी देना बंद कर देते हैं या बेहद कम पानी देते हैं, जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

## सुबह होते ही हैंडपंपों पर लग जाती है कतार

गांव की महिलाएं रोज सुबह बाल्टी, डिब्बे और बर्तन लेकर हैंडपंपों के पास पहुंच जाती हैं। घंटों इंतजार और लगातार हैंडपंप चलाने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। महिलाओं ने बताया कि हैंडपंप चलाते-चलाते उनका दम फूल जाता है, लेकिन पानी की समस्या खत्म नहीं होती। पानी के लिए प्रतिदिन संघर्ष करना उनकी मजबूरी बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में केवल एक पानी की टंकी बनाई गई है, जो गांव के एक छोर पर स्थित है। टंकी दूर होने और तकनीकी खामियों के कारण नियमित जल आपूर्ति नहीं हो पाती। नतीजतन पूरे गांव को इसका समुचित लाभ नहीं मिल रहा है।

## शिकायतों के बाद भी नहीं निकला समाधान

ग्राम निवासी रजवंती नागेश्वर ने बताया कि गांव में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई, यहां तक कि ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने नीली टोटी वाला नल कनेक्शन लगाया गया है, लेकिन उसमें कभी पानी नहीं आता। ऐसे में परिवार को हैंडपंपों पर निर्भर रहकर जीवनयापन करना पड़ रहा है।

## साल में केवल दो बार आया नल में पानी

गांव के बुजुर्ग हफीज खान, योगेश्वर ढोढरे, प्रशांत सर्राटे और महेश पचे ने बताया कि नल जल योजना शुरू होने के बाद पूरे वर्ष में केवल दो बार ही नलों में पानी आया। इसके बाद से अब तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों को कभी साइकिल, कभी मोटरसाइकिल तो कभी अन्य साधनों से दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीण योगेश्वर ढोढरे ने बताया कि गांव में पाइप लाइन और नल कनेक्शन लगाने के लिए कई स्थानों पर गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिन्हें अब तक व्यवस्थित नहीं किया गया है। बारिश के मौसम में इन गड्ढों से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा असर

ग्रामीण प्रशांत सर्राटे ने बताया कि गांव के छोटे-छोटे बच्चे सुबह उठते ही पानी भरने के लिए हैंडपंपों की ओर निकल पड़ते हैं। पढ़ाई करने वाले बच्चों का समय भी पानी जुटाने में व्यतीत हो रहा है।

इससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है।

वहीं महेश पचे ने बताया कि जब कभी नल जल योजना के तहत पानी छोड़ा भी जाता है तो तीन कनेक्शनों पर एक साथ केवल छह डिब्बे पानी भर पाते हैं, उसके बाद

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि जल संकट की गंभीर स्थिति के बावजूद न तो जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर समस्या का जायजा लिया और न ही विभागीय अधिकारियों ने कोई ठोस पहल की। शिकायतों के बाद भी केवल आश्वासन मिलते रहे, जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

## दो टंकियां बनतीं तो मिल सकता था समाधान

ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि हिमेश परते ने बताया कि प्रारंभिक सर्वे के अनुसार गांव में दो पानी की टंकियां बनाई जानी चाहिए थीं, लेकिन केवल एक टंकी बनाई गई। इसी कारण पूरे गांव में समान रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से मोटर खराब है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। उन्होंने यह भी बताया कि नल जल योजना का कार्य अभी तक पूरी तरह ग्राम पंचायत को हस्तांतरित नहीं किया गया है और ठेकेदार ही इसका संचालन कर रहा है। पंचायत द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समाधान की जगह केवल आश्वासन ही मिले हैं।

## हर घर जल योजना पर उठने लगे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अधिकांश घरों तक पाइप लाइन और नल कनेक्शन तो पहुंच गए हैं, लेकिन पानी नहीं पहुंचा। ऐसे में ÷हर घर जल÷ का सपना अधूरा नजर आ रहा है। कई हैंडपंपों का पानी भी पीने योग्य नहीं है, जबकि कुछ हैंडपंप थोड़ी देर बाद हवा उगलने लगते हैं। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

## जल संकट की मार्मिक तस्वीर

ग्राम पंचायत पोंडी की तस्वीर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को बयां करती है। एक ओर लाखों रुपये खर्च कर घर-घर नल लगाए गए हैं, दूसरी ओर ग्रामीण आज भी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक पानी की तलाश में भटकते लोग, हैंडपंपों पर लगी लंबी कतारें, पानी के डिब्बे उठाए बच्चे और खाली नलों की सूनी टोटियां यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर कब पोंडी के ग्रामीणों को उनके हिस्से का पानी मिलेगा। बहरहाल, पूरे ग्रीष्मकाल में जल संकट झेल चुके ग्राम पंचायत पोंडी के ग्रामीण अब बारिश से पहले स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में उमड़ा जनसैलाब, योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ पाने आगे आए ग्रामीण

**अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।**










विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 12 जून 2026 को ग्राम पंचायत रजेगांव में जनपद स्तरीय मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनके त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमुदाय की समस्याएं सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र नागरिकों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर इसी उद्देश्य को साकार करने का एक प्रभावी माध्यम है, जहां नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए इसे जनहितकारी पहल बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करने में काफी सुविधा होती है। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण रहा तथा बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

# मॉयल मजदूर का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर: एमपीपीएससी में चौथी रैंक लाकर रचा इतिहास

**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***जिले की पहाड़ियों में बसी मैंगनीज नगरी उकवा से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। गांव के निवासी नरेंद्र पिता सरवन बघेल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित***



असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल परीक्षा-2024 में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

## पिता मजदूर, बेटे ने रचा इतिहास

नरेंद्र के पिता मैंगनीज माइंस में मजदूर हैं। शिक्षा से वंचित रहने के बावजूद उन्होंने हमेशा बेटे को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। नरेंद्र बताते हैं, ÷पिताजी कहते थे - तुम पढ़ाई करना और जीवन में कुछ अच्छा बनना। मेरा परिश्रम, संघर्ष और धैर्य मैंने माता-पिता से ही सीखा।÷

## आर्थिक तंगी और बीमारी को दी मात

प्राथमिक शिक्षा उकवा के रविन्द्र नाथ टैगोर से हुई,उसके बाद उकवा के सरकारी स्कूल से साइंस विषय में 12वीं उत्तीर्ण के बाद पीजी कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। पैसे की कमी के चलते नैनपुर कॉलेज से प्राइवेट रू भूगोल किया। एमए फर्स्ट ईयर में ही पहली बार में ऌष्ट हृश्वञ्ज भूगोल क्वालिफाई कर लिया। बाद में भूगोल और इतिहास दोनों विषयों से ऌष्ट हृश्वञ्ज छ्वक्रस्न भी क्वालिफाई किया।

2022 में पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा दी। यह दौर बेहद कठिन था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण तीन बार टीबी डिपार्टमेंट जाना पड़ा, खांसते समय खून भी आता था। फिर भी परीक्षा दी, लेकिन मात्र दो प्रश्नों से चयन से चूक गए।

## 2024 में मिली ऐतिहासिक सफलता

नरेंद्र निराश नहीं हुए। 2024 की परीक्षा का नोटिफिकेशन उनके लिए ÷एक चमक की तरह÷ आया। जी-जान लगाकर तैयारी की और अंततः चौथी रैंक के साथ सफलता हासिल की।

## उकवा में जश्न का माहौल

नरेंद्र की इस उपलब्धि पर उकवा सहित पूरे बालाघाट जिले में हर्ष है। ग्रामीणों का कहना है कि नरेंद्र ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। शिक्षक जेम्स बारीक ,खान प्रबंधक निषाद निकोसे,ग्राम सरपंच पंच गुरुजनों परिजनों, मित्रों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने नरेंद्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# परसवाड़ा थाना में स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई

**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***थाना परसवाड़ा में शुक्रवार संध्या स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।***





कार्यक्रम में थाना स्टाफ द्वारा सहायक उपनिरीक्षक धरमचंद बघेल, मेजर कृष्णा उपाध्यक्ष, आरक्षक सुरेश पंद्रे, सोनसिंह मरकाम, अजय मरकाम एवं अनिल का सम्मान कर उन्हें नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई।

समारोह में एसडीओपी अरविंद शाह एवं थाना प्रभारी जी.एल. अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्थानांतरित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्होंने सभी को नए कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट सेवाएं देने की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने अपने-अपने विचार साझा करते हुए स्थानांतरित पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विभाग की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं विदाई प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने थाना स्टाफ, वरिष्ठ अधिकारियों, पत्रकारों एवं क्षेत्रवासियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस थाना स्टाफ, शिक्षक रामलाल शरणागत, चुकेन्द्र राहंगडाले, सुरेंद्र पटले सहित पत्रकार बंधु एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई।




# बैहर फिल्टर प्लांट परिसर में मिला रेत का अवैध भंडारण, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश..

**जगप्रेरणा बैहर।**

***अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस) ने शुक्रवार 13 जून 2026 को तहसील मुख्यालय स्थित वार्ड क्रमांक-01 सिंगबाग (बैगाटोला) में निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट स्थल का औचक निरीक्षण किया।***





निरीक्षण के दौरान परिसर एवं उसके आसपास बड़ी मात्रा में रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट के समीप रेत का डंप मिला। क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण करने पर आसपास के स्थानों पर भी रेत के कई अन्य डंप पाए गए। निर्माण स्थल एवं उसके आसपास अत्यधिक मात्रा में रेत का भंडारण मिलने पर एसडीएम श्री गुप्ता ने तहसीलदार बैहर को पूरे मामले की तत्काल जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसडीएम के निर्देशों के पालन में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और अवैध रूप से भंडारित रेत के संबंध में जांच की। टीम द्वारा मौके पर आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के साथ ही अवैध भंडारण पाए जाने पर रेत का जप्तिनामा तैयार कर जब्ती की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जांच जारी है तथा जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण के बाद क्षेत्र में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रशासन की सख्ती का संदेश गया है। प्रशासन ने आमजन से भी अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर मुंडीपार में जागरूकता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मुंडीपार (एमआईडीसी) में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंदिया, 'जस्ट राइट्सफॉर चिल्ड्रेन (JRC) के***



अंतर्गत इंडियन सोशल वेलफेयर सोसायटी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय तथा सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव माननीय एन. के. वालके के करकमलों से हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसरपंच संजय मेंढे ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबाडे, बाल कल्याण समिति सदस्य मनोज कुमार रहांगडाले, सरकारी श्रम अधिकारी विद्या पेंडोर, संरक्षण अधिकारी रविंद्र टेंभुर्णे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल श्रम को बच्चों के अधिकारों का हनन करने वाली एक गंभीर सामाजिक समस्या बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि 'बच्चों का स्थान कार्यस्थल पर नहीं, बल्कि विद्यालय में है।' इस दौरान बाल श्रम और मानव तस्करी के बीच के गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए इसे रोकने के लिए प्रशासन, पुलिस एवं समाज के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। जून माह को 'बाल श्रम विरोधी कार्यवाही माह' के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान बाल तस्करी एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाते हैं। बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाल श्रम के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

साथ ही, कहीं भी बाल श्रमिक दिखाई देने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 अथवा संबंधित शासकीय कार्यालयों को तत्काल सूचना देने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानेश्वर पटले ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन अनिवार्य..

## सभी संस्थानों की आंतरिक शिकायत निवारण समितियों की जांच अभियान शुरू..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***केंद्र सरकार के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत गोंदिया जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी कार्यालय में,***

जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत निवारण समिति (**Internal Complaints Committee-ICC**) का गठन करना अनिवार्य है। यह कानून महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने तथा उनकी सुरक्षा के लिए एक प्रभावी व्यवस्था प्रदान करता है।

अधिनियम की धारा 26 के अनुसार यदि किसी संस्थान के नियोक्ता द्वारा आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया जाता है अथवा अधिनियम की धारा 13, 14 एवं 22 के प्रावधानों का पालन नहीं किया जाता है, तो संबंधित नियोक्ता पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा पुनः उल्लंघन की स्थिति में संस्थान का लाइसेंस रद्द करने तथा दोगुना जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है।

यह नियम शासकीय एवं निजी संस्थानों, कंपनियों, एमआईडीसी इकाइयों, मॉल, शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग क्लासेस, दुकानों, बैंकों, निजी उपक्रमों, संस्थाओं, एंटरप्राइजेज, गैर-सरकारी संगठनों, सोसायटी ट्रस्ट, उत्पादन, आपूर्ति, वितरण एवं विक्रय कार्यों से जुड़े प्रतिष्ठानों सहित वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षणिक, मनोरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले सभी संस्थानों पर लागू होता है।

इसके अतिरिक्त अस्पताल, नर्सिंग होम, खेल संस्थान, सभागार, खेल परिसर तथा अन्य निजी प्रतिष्ठानों में भी आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। साथ ही, केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के **SHE-BOX** पोर्टल पर अपनी आंतरिक शिकायत समिति का पंजीकरण करना भी सभी संस्थानों के लिए आवश्यक है। इसके लिए संबंधित संस्थानों को **https// shebo&. wcd. gov.in** पोर्टल पर आवश्यक जानकारी भरकर समिति का विवरण दर्ज करना होगा।

महाराष्ट्र शासन ने 14 मई 2026 के शासन निर्णय के माध्यम से इस कानून के अंतर्गत संस्थानों की आंतरिक शिकायत समितियों की जांच के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकृत किया है। इसके अनुसार जिले के सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों की प्रत्यक्ष जांच का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा संबंधित संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं तथा जांच दलों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, गोंदिया ने जिले के सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों से आह्वान किया है कि वे तत्काल आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन कर उसकी जानकारी **SHE-BOX** पोर्टल पर दर्ज करें तथा कानून के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें।

# 28 जून को आयोजित होगी महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा

## 16 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, 8073 भावी एवं कार्यरत शिक्षक होंगे शामिल..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (MAHA TET) 2026 का आयोजन रविवार, 28 जून 2026 को गोंदिया जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।***

इस परीक्षा में कुल 8073 भावी एवं कार्यरत शिक्षक शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन तथा आवश्यक मानव संसाधन एवं व्यवस्थाओं के नियोजन के लिए जिला परीक्षा आयोजन एवं निगरानी समिति की बैठक 18 मई को जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निवासी उपजिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी तानाजी लोखंडे, प्राथमिक शिक्षा अधिकारी पवन खंदारे, पुलिस निरीक्षक रामेश्वर पिपरेवार, कोषागार अधिकारी मोहम्मद तौसिफ डायट प्राचार्य राजकुमार हिवारे, उपशिक्षणाधिकारी (योजना) संदेश जाधव तथा उपशिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) गजानन मंदाडे उपस्थित थे।

बैठक में शिक्षा अधिकारी पवन खंदारे ने 28 जून 2026 को आयोजित होने वाली महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (**MAHATET**) की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। निवासी उपजिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 4 से 5 उड़नदस्ते नियुक्त करने, सभी 16 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त रखने तथा परीक्षा की गोपनीय सामग्री को जिला कोषागार कार्यालय में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रश्नपत्र अथवा अन्य गोपनीय सामग्री लीक न हो, इसकी विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया।

गर्मी को देखते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर आपात स्थिति के लिए कूलर की व्यवस्था करने तथा आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थियों को धूप से बचाने हेतु पंडाल लगाने के निर्देश दिए गए। सभी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा आवश्यक भौतिक सुविधाओं की पुष्टि करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। दिव्यांग परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसकी जिम्मेदारी भी केंद्र संचालकों को सौंपी गई।

### इस समय होगी परीक्षा..

परीक्षा गोंदिया शहर के 10 परीक्षा केंद्रों सहित जिले के कुल 16 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पेपर क्रमांक-1 सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें 3707 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं पेपर क्रमांक-2 दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 4366 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थी 16 जून से 28 जून तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। बैठक के माध्यम से सभी परीक्षार्थियों से पर्याप्त तैयारी कर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया गया।

# बाल श्रमिक रखने पर होगी सख्त कार्रवाई

जगप्रेरणा गोंदिया।

***बाल एवं किशोर श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधित अधिनियम-2016 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के व्यवसाय या कार्य में नियोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में काम पर रखना दंडनीय अपराध माना गया है।***

अधिनियम के अनुसार यदि कोई नियोक्ता 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर को खतरनाक कार्यों में नियोजित करता है, तो उसके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है। ऐसे अपराध के लिए 6 माह से 2 वर्ष तक के कारावास अथवा न्यूनतम 20 हजार रुपये से अधिकतम 50 हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों प्रकार की सजा का प्रावधान है। यदि अपराध की पुनरावृत्ति होती है, तो दोषी को न्यूनतम 1 वर्ष से अधिकतम 3 वर्ष तक के कारावास की सजा हो सकती है। जिला बाल श्रम कार्यदल, गोंदिया ने नागरिकों से अपील की है कि यदि जिले में किसी भी स्थान पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे अथवा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में कार्य करते हुए दिखाई दें, या किसी संस्था द्वारा बाल श्रमिकों को रोजगार दिया जा रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।

इस संबंध में शिकायत जिला कलेक्टर कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला परिषद के प्राथमिक शिक्षा विभाग, पंचायत समिति, स्थानीय पुलिस स्टेशन अथवा सहायक श्रम आयुक्त, गोंदिया के कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से, डाक के माध्यम से या **aclgnd @ gmail. com** ई-मेल पर भेजी जा सकती है। इसके अलावा **PENCIL Portal** के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है।

जिला बाल श्रम कार्यदल, गोंदिया ने सभी नागरिकों से बाल श्रम उन्मूलन अभियान में सहयोग करने तथा बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया है।

# वडसा रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सिग्नल प्रणाली का सफल कमीशनिंग, रेल परिचालन होगा अधिक संरक्षित एवं दक्ष..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत सिग्नल एवं दूरसंचार निर्माण यूनिट, नागपुर द्वारा वडसा रेलवे स्टेशन पर सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण***




कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य के अंतर्गत पुरानी वेस्ट्रेस इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली के स्थान पर अत्याधुनिक हिताची इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई है तथा स्टेशन यार्ड का पुनर्गठन कर इसे अरमोरी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन से जोड़ा गया है। यह जटिल तकनीकी कार्य निर्धारित 5 घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक में सफलतापूर्वक पूरा किया गया तथा नई प्रणाली को 07 जून 2026 से चालू किया गया है । इस उन्नयन से वडसा स्टेशन की परिचालन क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ रेल यातायात और अधिक संरक्षित, विश्वसनीय एवं सुचारु हो सकेगा।

नई व्यवस्था के अंतर्गत अत्याधुनिक आई.पी.एस. विद्युत आपूर्ति प्रणाली, हिताची इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तथा फायर अलार्म सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इस प्रणाली के माध्यम से स्टेशन पर कुल 63 रूट, 15 मुख्य सिग्नल, 6 कॉलिंग-ऑन सिग्नल, 8 शंट सिग्नल, 3 रेल लाइनें तथा 31 डीसी ट्रैक सर्किट संचालित किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से अरमोरी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन के साथ बेहतर संपर्क स्थापित होगा तथा भविष्य में क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार एवं यातायात की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, ट्रेनों के परिचालन में संरक्षा, समयपालन और दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाकर रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं विश्वसनीय रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वडसा स्टेशन पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल कमीशनिंग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### घर मे घुसकर मारपीट कर चलाया चाकू मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चाकु चलाने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/6/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान ग्राम सेंद्रिटोला मे फर्यादी पूजा गौतम वासनिक अपने पती के साथ घर मे थी। घटना के समय आरोपी घर के सामने आया और गालीगलौच करने लगा। फर्यादी के पती समझाने गये तो आरोपी ने अपने पास का चाकु निकाला और पेट पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 442/2026 धारा 118, 2, 296, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोउपनी अक्षय चन्नावार पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### शराब पीने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/6/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान हल बीटोला मे फर्यादी सुग्रता टेकचंद शहारे उम्र 42 वर्ष निवासी हलबीटोला अपने घर पर सिलाई काम कर रही थी। जहा आरोपी रिश्तेदार होकर घटना के समय उसने कहा तु हमारे घर से निकल जा फर्यादी ने कहा तु हमेशा शराब के नशे मे गालीगलौच करता है, उसी बात पर आरोपी ने लकडी से हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 328/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना लिल्हारे 1865 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### मोटरसायकल चालक ने पैदल जा रहे अकबर अली को उतारा मौत के घाट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/6/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान ग्राम डवकी मे अकबर शौकत अली सैय्यद उम्र 55 वर्ष पैदल अपने घर आ रहे थे। रास्ते मे सामने से आर रहे मोटरसायकल चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर पैदल जा रहे अकबर अली को ठोस मारी गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे देवरी मे मोटरसायकल चालक के खिलाफअपराध क्रमांक 221/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा परसमोडे 1136 पोस्टे देवरी कर रहे है।

### झगडा छुड़ाने गये युवक से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/6/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान ग्राम नोनीटोला मे फर्यादी प्रकाश रमेश टेंभुर्णीकर उम्र 29 वर्ष निवासी नोनीटोला अपने घर पर थे। पडोसी लडका शराब के नशे मे घर आया और मां पिताजी को मार रहा था। फर्यादी ने कहा क्यों मां पिताजी को मारता है, तो आरोपी ने लकडी से फर्यादी के सर पर मारकर जख्मी किया और भाई बीच बचाव करने आया तो उसे भी मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 421/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा विजय कोसमे 1220 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।






अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बँक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया शहर की गौपूरी गौशाला में आज नौकाविहार करेंगे श्रीकृष्ण राधा

## यमुनाजी को 100 फीट लंबी भव्य चुंदरी अर्पित की जाएगी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा द्वारा संचालित गौपूरी परिसर में आज दिनांक 14 जून 2026 को सायं 5:00 बजे से भव्य नौकाविहार उत्सव एवं श्री यमुनाजी चुंदरी मनोरथ का आयोजन किया जा रहा है।***

यह आयोजन श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा महिला समिति, राधा कृपा एवं ब्रजरस मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। विशेष रूप से वृंदावन से लाए गए श्री यमुनाजी के पावन जल से एक कृत्रिम यमुना नदी एवं कुंड का निर्माण किया गया है, जिसमें भगवान को विराजमान कर सुंदर नावों में नौकाविहार कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री यमुनाजी को 100 फीट लंबी भव्य चुंदरी अर्पित की जाएगी। साथ ही राधा कृपा मंडल द्वारा मधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो जाएगा। श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने नगर के सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन का आनंद लेने एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

# कपड़ा व्यवसायी आशीष मेठी का दुखद निधन

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के प्रसिद्ध कल्याणसहाय मेठी परिवार के यूवा वरिष्ठ सदस्य एवं कपड़ा व्यवसायी आशीष इंद्रगोपाल मेठी का आज 13 जून को***

सुबह 05.30 बजे दुखद निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे, तथा विगत अनेक महीनों से स्वास्थ्य संबधी विकारों से जुझ रहे थे। स्व. आशीष मेठी अपने पीछे पत्नी श्रीमती अनिता मेठी, पुत्र सीए जय मेठी, पुत्री उन्नति मेठी संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



गौरतलब है कि जैसे ही आशीष मेठी के दुखद निधन की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मिली, उनके उत्कृष्ट एवं शालीन व्यवहार को सभी ने याद किया, तथा आशीष मेठी के अचानक इस तरह से चले जाने पर बड़ी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया। आशीष मेठी के दुखद निधन पर बड़ी संख्या में नगर के उनके मित्र परिवारों ने उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी, तथा परम पिता परमेश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान देने के साथ ही परिवारजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## गोंदिया जिले में रावणवाड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई..

# सुगंधित तंबाकू के अवैध अड्डे पर छापामार कार्रवाई कर कार और मशीनरी समेत 15.48 लाख की तंबाकू एवं सामग्री की जब्त..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रावणवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धीमरीटोला गांव के पास एक खेत में बने मकान पर छापा मारकर पुलिस ने सुगंधित तंबाकू के अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सुगंधित तंबाकू, पैकिंग मशीनें, वजन कांटे और एक चार पहिया वाहन समेत कुल 15,48,100 रुपये का माल जब्त किया है।***



आरोपी से जब्त की सामग्री के एवं गिरफ्तार आरोपी के साथ रावणवाड़ी पुलिस की टीम..

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 जून 2026 की रात रावणवाड़ी पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त (पेट्रोलिंग) कर रही थी। इसी दौरान रात करीब 11:45 बजे पुलिस हवलदार गिरीश पांडे को एक गोपनीय मुखबिर से पक्की सूचना मिली कि धीमरीटोला गांव से सटे एक खेत में बने घर के भीतर कुछ लोग सुगंधित तंबाकू का स्टॉक जमा कर रहे हैं और वहां से चार पहिया वाहन के जरिए उसे बाहर सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक पवार के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक शशिकीरण नावकार और उनकी टीम ने दो पंचों को साथ लेकर रात में ही उक्त मकान की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम रातभर वहां घात लगाकर बैठी रही।

इसके बाद 13 जून 2026 की सुबह 4:30 बजे से 6:45 बजे के बीच पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर जब्ती की कार्रवाई (मौका जप्ती पंचनामा) को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जिसकी पहचान मयूर मनोहर वाकडे (निवासीः वघाडा, तहसीलः आरमोरी, जिलाः गड़चिरोली) के रूप में हुई है।

## यह सामग्री की जब्त..

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ईगल सुगंधित तंबाकू के 28 बोरे (प्रत्येक बोरे में 11 छोटे पैकेट, कुल कीमत 2,61,800), इसी प्रकार होला सुगंधित तंबाकू के 14 बोरे (प्रत्येक बोरे में 10 छोटे पैकेट, कुल कीमत 1,85,500) बरामद किये। खुली तंबाकू के 23 बोरे (कुल 276 किलोग्राम, कीमत 2,20,800) इसी के साथ पैकिंग मशीनें जिसमें सुगंधित तंबाकू पैकेट सील करने वाली 2 पुरानी मशीनें (कीमत 30,000) और मिक्स करने की 1 पुरानी मशीन (कीमत 35,000) इसी प्रकार वजन कांटेः 2 इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटे (कीमत 5,000), रैपर/पैकेटः तंबाकू पैकिंग के खाली पैकेट और रैपर (कीमत 10,000) के साथ ही चार पहिया वाहनः सफेद रंग की एक किआ कंपनी की कार (नंबरः सीजी -04/पीए -2164, अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये इस प्रकार कुल जब्त माल की कीमतः 15 लाख 48 हजार 100 रुपये का माल जब्त किया गया है।

## इन्होने दिया कार्रवाई को अंजाम..

इस बड़ी कार्रवाई के दौरान पुलिस उपनिरीक्षक ओंकार धेंडे, पुलिस सिपाही माने और चालक पुलिस सिपाही पवार ने भी मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई में सहयोग किया।

यह पूरी कार्रवाई गोंदिया के पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर और पुलिस निरीक्षक वैभव पवार के मार्गदर्शन में पीआई शशिकीरण नावकार, पीएसआई ओंकार धेंडे, पुलिस हवलदार गिरीश पांडे, पुलिस नायक सुशील मलेवार, पुलिस सिपाही हितेश लांजेवार, पुलिस सिपाही माने और चालक पवार द्वारा सफ्लतापूर्वक पूरी की गई।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने निरंतर प्रयासरत रहें युवा मोर्चा.. - रोहित अग्रवाल

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने गोरेगांव तालुका में नई कार्यकारिणी गठित की..



पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल

जगप्रेरणा गोरेगांव।

***भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), गोरेगांव तालुका की नई कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में हाल ही में की गई।***

नई कार्यकारिणी के तहत तालुकाध्यक्ष रविंद्र (रवि) पटले के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संगठन विस्तार, सामाजिक कार्य, जनसंपर्क तथा पार्टी विचारधारा के प्रभावी प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से इस नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार, भाजयुमो गोरेगांव मंडल के महामंत्री पद पर किरण पालेवार, अजय राहंगडाले एवं खोमेंद्र पारधी की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए उनके सफ्ल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान युवा नेतृत्व ने संकल्प व्यक्त किया कि युवा शक्ति के बल पर गोरेगांव तालुका में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी संगठन को मजबूत करने, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की विजय सुनिश्चित करने हेतु समर्पित भावना से कार्य करने का आह्वान किया गया। इस बैठक में पूर्व विधायक हेमंत भाऊ पटले, डॉ. लक्ष्मणभाऊ भगत (बांधकाम सभापति), चित्रकलाताई चौधरी (पंचायत समिति सभापति), जिला महामंत्री मनोज बोपचे, पुष्पराज जनबंधु, अभय मानकर, विक्की बघेले, अजीत टेंभरे सहित भाजपा एवं भाजयुमो के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मां को रक्त की जरुरत थी और दर दर भटकने पर मजबूर हुए थे रक्त मित्र विनोद (गुड्डु) चांदवानी..

## मेरी तरह किसी और को रात दिन भटकना ना पड़े, इसलिये पिछले 16 वर्षो से गुड्डु चांदवानी के प्रयासों से 6000 से अधिक लोगों को प्राप्त हो चुकी है रक्त सेवाएं..

## 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस विशेष..



अपने मित्रों के साथ रक्तदान करते हुए विनोद (गुड्डु) चांदवानी ( तस्वीर में तीन रक्तदाताओं के बीच में..)

जगप्रेरणा गोंदिया।

***जब संकट के समय कोई रक्तदान के लिए आगे आता है, तो उस रक्तदाता में साक्षात भगवान के दर्शन होते हैं।÷ इसी सेवा भावना को अपने जीवन का संकल्प बनाकर गोंदिया और आसपास के क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर रहे हैं रक्त मित्र विनोद (गुड्डू) चांदवानी। विश्व रक्तदाता दिवस के विशेष अवसर पर आज उनकी यह प्रेरणादायी***

कहानी हर किसी के लिए मिसाल बनी हुई है, जो अब तक 6000 से अधिक जरूरतमंद लोगों तक समय पर रक्त पहुंचाकर उनकी मदद कर चुके हैं। यह सेवा कोई चंद दिनों या महीनों की नहीं है, बल्कि विनोद (गुड्डू) चांदवानी पिछले 16 वर्षों से निरंतर इस पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। साल दर साल, बिना थके और बिना रुके, वे दिन हो या रात, हर समय जरूरतमंदों की पुकार पर तत्पर रहते हैं। इन 16 सालों का निस्वार्थ समर्पण ही है कि आज वे गोंदिया और आसपास के समूचे क्षेत्र के लिए संकटमोचक बन चुके हैं।

## माँ की स्मृति और संघर्ष से मिली सेवा की प्रेरणा..

विनोद चांदवानी को निस्वार्थ सेवा के इस कठिन मार्ग पर चलने की प्रेरणा अपनी स्वर्गीय माता जी, श्रीमती पुष्पादेवी चांदवानी से मिली। आज भले ही उनकी माता जी इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें और संस्कार विनोद जी के कार्यों में जीवित हैं। एक समय था जब उनकी माता जी की तबीयत अत्यधिक खराब होने के कारण उन्हें रक्त की सख्त जरूरत थी। उनका ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव' था, जो कि बेहद दुर्लभ (रेयर) माना जाता है और हजारों में से किसी एक व्यक्ति में ही पाया जाता है। उस दौरान माँ के लिए रक्त की व्यवस्था करने में मुझे सुबह से लेकर शाम तक दर-दर भटकना पड़ता था। उस मुश्किल घड़ी में जब कोई रक्तदाता सामने आकर यह कहता था कि 'मैं आपकी माँ को ए नेगेटिव रक्त दूंगा', तो उस दाता में मुझे साक्षात भगवान नजर आते थे।

## नेगेटिव ब्लड ग्रुप के रक्तदाताओं की विशेष सूची (पैनल)

चूंकि ओ-नेगेटिव, ए-नेगेटिव और बी-नेगेटिव जैसे रक्त समूह बेहद दुर्लभ होते हैं और आपातकाल में आसानी से नहीं मिलते, इसलिए विनोद चांदवानी ने एक बेहद सराहनीय कदम उठाया है। उनके पास ऐसे खास निगेटिव रक्तदाताओं की एक विशेष सूची (डोनर लिस्ट) तैयार है, जिनका ब्लड ग्रुप हजारों में किसी एक व्यक्ति में पाया जाता है। इस विशेष सूची की बदौलत वे बेहद गंभीर और आपातकालीन स्थितियों में भी चंद मिनटों के भीतर दुर्लभ रक्त समूहों की व्यवस्था करा देते हैं, जिससे कई मरीजों को ऐन वक्त पर जीवनदान मिला है।

## संकल्पः कोई भी रक्त के अभाव में न तोड़े दम..

माँ के इलाज के दौरान मिले इसी अनुभव और संघर्ष ने विनोद चांदवानी के जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने संकल्प लिया कि जो दर्द उन्होंने और उनके परिवार ने झेला, वह किसी और को न झेलना पड़े। इसके बाद उन्होंने खुद को पूरी तरह से रक्तदान सेवा के प्रति समर्पित कर दिया। आज गोंदिया शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में भी जब किसी को इमरजेंसी में रक्त की आवश्यकता होती है, तो 'रक्त मित्र' विनोद चांदवानी का नाम सबसे पहले सामने आता है।

## रक्तदान शिविरों का अनवरत सिलसिला

मरीजों को सीधे मदद पहुंचाने के साथ-साथ विनोद चांदवानी समाज में जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करते हैं। इन शिविरों के माध्यम से सैकड़ों यूनिट रक्त एकत्रित कर ब्लड बैंकों को उपलब्ध कराया जाता है, ताकि आपातकालीन स्थिति में किसी भी मरीज की जान सिर्फ इसलिए न जाए कि उसे सही समय पर रक्त नहीं मिला।

विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर विनोद (गुड्डू) चांदवानी ने आमजन, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे आगे आएं और नियमित रूप से रक्तदान करें, क्योंकि आपका किया गया एक छोटा सा रक्तदान किसी के उजड़ते हुए परिवार को नई जिंदगी दे सकता है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com